दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 110
कोटद्वार मंगलवार
15 अगस्त 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये


**समस्त देशवासियों, सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं को दैनिक जयन्त की ओर से 15 अगस्त की हार्दिक शुभकामनायें**
-सम्पादक

**सूचना**

15 अगस्त के अवसर पर दैनिक जयन्त के कार्यालय में अवकाश रहेगा। दैनिक जयन्त का अगला अंक 17 अगस्त 2023 को प्रकाशित होगा।
- प्रबंधक




# अतिवृष्टि के दृष्टिगत सभी अलर्ट मोड पर रहें : धामी

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्चाधिकारियों की बैठक लेते हुए निर्देश दिये कि उत्तराखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों में हो रही अतिवृष्टि के दृष्टिगत सभी अलर्ट मोड पर रहें। उन्होंने अधिकारियों से अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों एवं वहां किए जा रहे राहत व बचाव कार्यों की जानकारी भी प्राप्त की। अतिवृष्टि के दृष्टिगत 2 दिनों के लिए चारधाम यात्रा भी स्थगित कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि मौसम के



पूर्वानुमान को देखकर ही यात्रा करें।

मुख्यमंत्री ने अतिवृष्टि के कारण जनपद पौड़ी में हताहत हुए लोगों की आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवारजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है। जिला प्रशासन और एस.डी.आर.एफ की टीमें राहत एवं बचाव कार्य में लगी हुई हैं। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को घायलों को शीघ्र उचित उपचार दिलवाने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित किया जाय कि अतिवृष्टि से प्रदेश में जहां भी नुकसान हो रहा है, प्रभावितों को मानकों के अनुसार मुआवजा राशि यथाशीघ्र मिल जाय। उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि से प्रदेश में हुई क्षति का पूरा आंकलन किया जाए। मुख्यमंत्री जिलाधिकारियों से भी अतिवृष्टि के कारण हुए नुकसान एवं राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारी के संबंध में लगातार जानकारी ले रहे हैं। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि जिला प्रशासन एवं राहत-बचाव में लगे सभी दलों को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रखा जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, विशेष प्रमुख सचिव अभिनव कुमार, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, शैलेश बगोली, डॉ. रंजीत सिन्हा, एडीजी ए.पी.अंशुमान, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी एवं अपर सचिव जगदीश चन्द्र काण्डपाल उपस्थित थे।

# दुगड्डा ब्लॉक में भी अतिवृष्टि ने मचाई तबाही

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** दुगड्डा ब्लॉक में भी अतिवृष्टि ने तबाही मचाई है। घाड़ क्षेत्र के अंतर्गत बल्ली-कांडई मार्ग भूस्खलन के कारण भारी मात्रा में मलबा आने से एक हफ्ते से बंद है। ऐसे में कांडई, ईड़ा, ग्वीराला और मटियाल गांव का सड़क संपर्क कटा हुआ है। ईड़ा और ग्वीराला गांव में जरूरी सामान की आपूर्ति भी नहीं हो पा रही है। आपदा से कांडई गांव के मटियाल तोक, अमून तोक और डडोरा तोक में मकानों और गोशालाएं में गहरी दरारें आ गई हैं, जबकि किसानों की कई नाली भूमि बह गई है।

उप प्रधान बसंत सिंह नेगी और पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य जगदीश प्रसाद बेबनी ने बताया कि विगत आठ अगस्त को आई आपदा से ग्रामसभा कांडई और ईड़ा, ग्वीराला को जोड़ने वाली सड़क का 200 मीटर हिस्सा ध्वस्त हो गया है। खौलधार तोक में पहाड़ी आने से सड़क बह गई है, जिससे ग्रामीणों का बाजार व अस्पताल से संपर्क कट गया है। ग्रामसभा कांडई के मटियाल तोक में मलबा आने से शशि देवी और अमर सिंह की गोशालाएं क्षतिग्रस्त हो गई हैं। साथ ही ग्रामीणों की करीब 25 नाली भूमि मलबे में दब गई है। अमून तोक में विक्रम सिंह की गोशाला और मकान टूट गया है और 10 नाली कृषि भूमि बाढ़ में बह गई है। डडोरा तोक में जगत सिंह और गबर सिंह की गोशालाएं मलबे में दब गई हैं। कहा कि गांव के अधिकांश परिवार खतरे की जद में हैं। ईड़ा और ग्वीराला गांव का पैदल संपर्क मार्ग समणीधार और दिखाली के समीप टूट गया है ऐसे में इन गांवों का संपर्क कोटद्वार से कट गया है और यहां जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति भी नहीं हो पा रही है। ग्राम प्रधान मंजू देवी ने कहा कि चरेख पेयजल योजना की पाइप लाइन खोलधार समेत पांच जगहों पर क्षतिग्रस्त होने से कांडई ग्रामसभा में पेयजल संकट गहरा गया है। आपदा कंट्रोल रूम के साथ ही जिला प्रशासन को सूचना दे दी है। उन्होंने प्रभावित क्षेत्र में सड़क, बिजली व पानी की व्यवस्था सुचारु करने की मांग की।

पीएमजीएसवाई सिंचाई खण्ड कोटद्वार के सहायक अभियंता योगेंद्र सिंह ने बताया कि शुरुआती पांच किमी. हिस्से से मलबे को हटा लिया गया है। आगे के दो किमी. पर फीलिंग धंस गई है। सड़क खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही सुधारीकरण के लिए आपदा न्यूनीकरण मद में 15 लाख का प्रस्ताव जिला प्रशासन को भेजा है।

# बरसात ने पहाड़ से मैदान तक बदली तस्वीर, विकारल बनकर आई खोह नदी ने ढाया कहर, ताश के पत्तों के जैसे धराशाई हुए भवन



बीती रात भारी बारिश से उफनाई खोह नदी ने झूलाबस्ती कोटद्वार में जमकर तबाही मचाई जिसमें नदी किनारे बने दर्जनों भवनों को लील लिया और दर्जनों भवनों पर खतरा मंडरा रहा है।



उफनाई खोह नदी के बहाव से धराशाई हुई सुरक्षा दीवार।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** रविवार रात को हुई अतिवृष्टि ने पहाड़ से लेकर मैदान तक की तस्वीर बदलकर रख दी है। बिकराल बनकर आई खोह नदी ने कहर ढा दिया। गाड़ीघाट और काशीरामपुर तल्ला में एक दर्जन से अधिक घर खोह नदी के आगोश में समा गए। जबकि दर्जनों भवनों को खतरा उत्पन्न हो गया है। हालांकि किसी प्रकार के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। रविवार रात को ही प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से खोह नदी के किनारे खतरे में जद में आये घरों को खाली करवाकर लोगों को सुरिक्षत स्थानों में शिफ्ट कर दिया था। दूसरी ओर खोह नदी के उफान को देखते हुए नदी किनारे रह रहे कुछ लोग अपने परिवार सहित किराए के मकानो में चले गए है। बीते 24 घंटे में लगातार बारिश के चलते जनपद पौड़ी के कोटद्वार में भारी तबाही हुईं है। रविवार रात को हुईं भारी बारिश सें उफनाई खोह नदी नें एक बार फिर सें गाड़ीघाट और काशीरामपुर तल्ला इलाके में भारी तबाही मचाई है, यहां खोह नदी एक दर्जन घरों को अपने साथ बहा लें गई, इतना ही काशीरामपुर तल्ला में खोह नदी ने कुष्ठ आश्रम को भी तबाह कर दिया है, जबकि इससे लगी मद्रासी लोगों की आधा दर्जन झोपड़ियों को भी खोह नदी अपने साथ बहा लें गई। खोह नदी द्वारा मचाई गईं तबाही के बाद सैकड़ो लोग बेघर हो गए हो, जिन्हें राहत शिविरों में ठहराया गया है। खोह नदी ने गाड़ीघाट, काशीरामपुर तल्ला, लालपानी और सनेह क्षेत्र में भारी तबाही मचाई। स्थानीय विधायक ऋतु भूषण खंडूडी, गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत और पूर्व मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी ने भी मौके पर पहुंच कर खोह नदी सें हुए नुकसान का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आपदा प्रभावितों की हर संभव मदद कें निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि खोह नदी से हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है, जबकि प्रभावितों को राहत शिविरों में पहुंचाया जा रहा है।

## कोटद्वार व आसपास के क्षेत्र में रविवार देर रात से हुई बारिश से मची तबाही

## सनेह पुलिस चौकी भी खतरे की जद में

रविवार रात को भारी बारिश के बाद उफनाई खोह नदी के आगे जो आया उसे वह तिनको की तरह बहा ले गई। सनेह स्थित पुलिस चौकी की दीवार को भी खोह नदी अपने साथ बहा ले गई। जिससे अब पूरी चौकी को खतरा पैदा हो गया है। अपर पुलिस अधीक्षक शेखर चंद्र सुयाल ने जानकारी दते हुए बताया सनेह पुलिस चौकी को सुरक्षा के चलते इसको फिलहाल के लिए वन विभाग की चौकी में शिफ्ट किया गया है और मौसम साफ होने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### उत्तराखंड में नदियों का दिखा रौद्र रूप

# कई जगह मकान व पुल बहे, कई लोग मलबे में दबे

**उत्तराखंड ।** उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में बारिश खूब कहर बरपा रही है। पहाड़ी इलाकों में नदी नाले उफान पर हैं। जलस्तर बढ़ने के कारण गंगा खतरे के निशान पर बह रही है। वहीं, बारिश के बाद सड़कों पर मलबा फैल गया है। वहीं, चमोली, रुद्रप्रयाग समेत कई इलाकों में घर बह गए हैं। कई जगह पुल भी टूटे हैं।

उधर, मौसम विभाग ने देहरादून, टिहरी, पौड़ी, हरिद्वार, नैनीताल, चंपावत और उधमसिंह नगर जिले के कई इलाकों के लिए ऑरेंज अलर्ट



जारी किया है जबकि, अन्य जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है।

चमोली और बागेश्वर जिले के कुछ इलाकों में बिजली चमकने और तेज गर्जन के साथ भारी बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि अगले कुछ दिनों तक प्रदेशभर में भारी बारिश के आसार हैं। इसके चलते संवेदनशील इलाकों में भूस्खलन और चट्टानों के टूटने से सड़कें बंद हो सकती हैं।

हरिद्वार में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। यहां गंगा का 294 मीटर डेंजर लेवल है, जबकि गंगा 294. 95 मीटर पर बह रही है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में पूरी तरह खतरा बना हुआ है। ऋषिकेश में त्रिवेणी घाट पार्किंग स्थल भी पूरी तरह जलमग्न हो गया। मौके पर जल पुलिस और आपदा राहत दल के जवान तैनात हैं।

# स्वतंत्रता दिवस के चलते भारत–नेपाल सीमा पर हाई अलर्ट

**महराजगंज, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के महराजगंज में स्वतंत्रता दिवस को लेकर भारत झ नेपाल सीमा पर सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं और चप्पे– चप्पे पर पुलिस और एसएसबी के जवान तैनात हैं। नेपाल से भारत को जोड़ने वाली सीमा खुली होने की वजह से यहां से लगातार घुसपैठ की आंशका बनी रहती है, यही वजह है कि महराजगंज जिले से लगी सोनौली व ठूठीबारी सीमा पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। सीमा पर सीसीटीवी और सादे लिबास में भी जवान आने और जाने वालों पर नजर रख रहे है।

महराजगंज जनपद से सटे इंडो झ नेपाल सीमा के सभी



थानो को अलर्ट के साथ पुलिस ने पेट्रोलिंग बढा दी है । भारत से नेपाल जाने वालों या नेपाल से भारत आने वाले हर एक व्यक्ति और गाडियों की सघनता के साथ तलाशी की जा रही है। महराजगंज जिले से लगी भारत नेपाल झ सीमा पर सीमा पार से आने वालो की गहनता से जांच की जा रही है। सीमा पर एसएसबी जवान लगातार गश्त कर रहे है।

बीते दिनों मादक पदाथी के बडे मामले सामने आने के बाद अब भारतीय सुरक्षा एजेसियां कोई चूक नही चाहती है इसके लिए अब सीमा पर जवान सीसीटीवी और खुफिया टीम के जरिए सीमा पार से आने वालो पर नजर रख रहे हैं। देश विरोधी गतिविधियों को कैसे रोका जाए इसको लेकर सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने एक खाका तैयार किया है। सोनौली सीमा पर ही नही बल्कि जिले से लगी पूरे सीमा पर चौकसी तेज कर दी गई है। पहाड़ों पर मूसलाधार बारिश का असर दिल्ली में भी देखने को मिल रहा है। एक बार फिर से दिल्ली में यमुना का जलस्तर बढ़ने लगा है। दिल्ली में पुराने रेलवे ब्रिज पर सोमवार को दिन में तीन बजे यमुना का जलस्तर बढ़कर 203.48 मीटर पर पहुंच गया। सीडब्लूसी के पांच दिन के पूर्वानुमान के अनुसार बुधवार को यमुना का जलस्तर चेतावनी स्तर 204.5 मीटर को छू सकता है।

## चप्पे–चप्पे पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम

# सुप्रीम कोर्ट ने गोधरा ट्रेन अग्निकांड के तीन दोषियों को जमानत देने से किया इन्कार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे तीन दोषियों को सोमवार को जमानत देने से इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने 17 वर्षों से न्यायिक हिरासत में बंद तीनों दोषियों की अपील पर सुनवाई करते हुए कहा कि यह किसी एक व्यक्ति की हत्या का मामला नहीं है। यह घटना बहुत ही गंभीर है। इसलिए हम इस मामले में इस स्तर पर जमानत देने के इच्छुक नहीं हैं।शीर्ष अदालत ने हालांकि दोषियों की याचिका पर आगे की सुनवाई के लिए इसे एक पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने पर सहमति व्यक्त की। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने गुजरात सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और आरोपी की ओर से वरिष्ठ वकील संजय हेगड़े की दलीलें सुनने के बाद अपना यह आदेश पारित किया।

## राष्ट्रपति मुर्मु का देश के नाम संबोधन

# राष्ट्र सेवा के हर क्षेत्र में बढ़–चढ़कर योगदान दे रहीं महिलाएं

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 77वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देश के नाम अपने संबोधन की शुरुआत देशवासियो को बधाई देते हुई की। उन्होंने कहा कि यह दिन हम सब के लिए गौरवपूर्ण और पावन है। चारों ओर उत्सव का वातावरण देखकर मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है।

राष्ट्रपति ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हम केवल एक व्यक्ति ही नहीं हैं, बल्कि हम एक ऐसे महान जन–समुदाय का हिस्सा हैं जो अपनी तरह का सबसे बड़ा और जीवंत समुदाय है। यह विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के नागरिकों का समुदाय है। उन्होंने कहा कि जाति, पंथ, भाषा



और क्षेत्र के अलावा, हमारी अपने परिवार और कार्य–क्षेत्र से जुड़ी पहचान भी होती है। लेकिन हमारी एक पहचान ऐसी है जो इन सबसे ऊपर है, और हमारी वह पहचान है, भारत का नागरिक होना। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में बताया कि हम सभी, समान रूप से, इस महान देश के नागरिक हैं। हम सब को समान अवसर और अधिकार उपलब्ध हैं तथा हमारे कर्तव्य भी समान हैं। गांधीजी तथा अन्य महानायकों ने भारत की आत्मा को फिर से जगाया और हमारी महान सभ्यता के मूल्यों का जन–जन में संचार किया।

राष्ट्रपति ने महिला सशक्तिकरण पर बोलते हुए कहा कि सरोजिनी नायडू, अम्मू स्वामीनाथन, रमा देवी, अरुणा आसफ अली और सुचेता कृपलानी जैसी अनेक महिला विभूतियों ने अपने बाद की सभी पीढ़ियों की महिलाओं के लिए आत्म–विश्वास के साथ, देश तथा समाज की सेवा करने के प्रेरक आदर्श प्रस्तुत किए हैं। आज महिलाएं विकास और देश सेवा के हर क्षेत्र में बढ़–चढ़कर योगदान दे रही हैं तथा राष्ट्र का गौरव बढ़ा रही हैं।

आज हमारी महिलाओं ने ऐसे अनेक क्षेत्रों में अपना विशेष स्थान बना लिया है जिनमें कुछ दशकों पहले उनकी भागीदारी की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। मैं सभी देशवासियों से आग्रह करती हूं कि वे महिला सशक्तीकरण को प्राथमिकता दें। मैं चाहूंगी कि हमारी बहनें और बेटियाँ साहस के साथ, हर तरह की चुनौतियों का सामना करें और जीवन में आगे बढ़ें।

देश की विकास गाथा का बखान करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारत, पूरी दुनिया में, विकास के लक्ष्यों और मानवीय सहयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। चूंकि ˘20 समूह दुनिया की दो–तिहाई जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करता है, इसलिए यह हमारे लिए वैश्विक प्राथमिकताओं को सही दिशा में ले जाने का एक अद्वितीय अवसर है।

देश ने चुनौतियों को अवसरों में बदला है और प्रभावशाली एन्वायॅरमेंट भी दर्ज की है। मुश्किल दौर में भारत की अर्थव्यवस्था न केवल समर्थ सिद्ध हुई है बल्कि दूसरों के लिए आशा का स्रोत भी बनी है। वंचितों को वरीयता प्रदान करना हमारी नीतियों और कार्यों के केंद्र में रहता है। परिणामस्वरूप पिछले दशक में बड़ी संख्या में लोगों को गरीबी से बाहर निकालना संभव हो पाया है।

# भू-स्खलन की चपेट में आया नाईट पेरेडाइट कैंप, 1 शव बरामद,4 लोग लापता,3 बच्चों का किया रेस्क्यू









जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार : जनपद पौड़ी गढ़वाल के मोहन चट्टी के पास मलवा आने से जोगियाना मोहनचट्टी में अतिवृष्टि से भूस्खलन होने पर नाईट पेरेडाइज कैम्प उसकी चपेट में आ गया है। जिसमें छः लोग थे। पुलिस व एसडीआरएफ टीम ने एक बच्ची का सकुशल रेस्क्यू किया, जबकि एक युवक का शव बरामद किया है। वहीं चार लोग अभी भी लापता चल रहे है। पुलिस के अनुसार यह सभी लोग मकान नम्बर 1796 हुड्डा सेक्टर–5, कुरुक्षेत्र हरियाणा के निवासी है। सोमवार को लगातार हो रही भारी बारिश के कारण मोहन चट्टी के पास मलवा आने से जोगियाना मोहनचट्टी में अतिवृष्टि से भूस्खलन होने पर नाईट पेरेडाइज कैम्प उसकी चपेट में आ गया है, जिसमें कुल छः व्यक्ति थे। सूचना पर तत्काल लक्ष्मणझूला पुलिस व एसडीआरएफ टीम मय टीम रेस्क्यू हेतु घटनास्थल के लिए रवाना हुई। जिसमें से एक बच्ची कृतिका वर्मा (उम्र 10 वर्ष) पुत्री कमल वर्मा को सकुशल रेस्क्यू कर लिया गया है। रेस्क्यू टीमों को मूसलाधार वर्षा व जगह–जगह मलबे से मार्ग बाधित होने के कारण घटनास्थल तक पहुचने में अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ा। जिलाधिकारी पौड़ी डॉ. आशीष चौहान व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे के दिशा निर्देशन में पुलिस टीम व एसडीआरएफ टीम द्वारा घटनास्थल पर लापता लोगों की गहन सर्च आभियान जारी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने बताया कि कृतिका वर्मा (उम्र 10 वर्ष) पुत्री कमल वर्मा को सकुशल रेस्क्यू कर लिया गया है। 24 वर्षीय मोंटी वर्मा का शव बरामद कर लिया है, जबकि कमल वर्मा (उम्र 39 वर्ष) निशा पत्नी कमल वर्मा उम्र 37 वर्ष, निर्मित पुत्र कमल वर्मा उम्र 11वर्ष, निशान्त वर्मा (उम्र–18 वर्ष) पुत्र रवि वमा अभी लापता है। यह सभी लोग मकान नम्बर 1796 हुड्डा सेक्टर–5, कुरुक्षेत्र हरियाणा के निवासी है।

## अतिवृष्टि से जन जीवन अस्त व्यस्त, 54 सड़के बंद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : लगातार हो रही बारिश से जिलेभर में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश से सोमवार को जिले के 1 राष्ट्रीय राजमार्ग सहित कुल 54 मोटरमार्गों पर यातायात ठप हो गया।

सोमवार को डीएम ने भी मौके पर जाकर जगह-जगह बारिश से हुए नुकसान का जायजा लिया। सोमवार को बारिश से कोटद्वार-पौड़ी हाईवे दुगड्डा-आमसौड़ व सिद्धबली-आमसौड़ के पास बंद रहा। इसके साथ ही जिले के 4 राज्यमार्ग के साथ 6 मुख्य जिला मार्ग, एक अन्य जिला मार्ग और 42 ग्रामीण मोटरमार्गों पर यातायात ठप रहा। वहीं, डीएम डा. आशीष चौहान ने सोमवार को मोहनचटटी, व्यासघाट के पास बारिश से हुए नुकसान का जायजा लिया। डीएम ने सभी अफसरों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं।

## मिस लैंसडौन के सेमीफाइनल में पहुंचे 15 प्रतिभागी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : अभ्युदय परिवार लैंसडौन द्वारा आयोजित मिस लैंसडौन 2023 ऑडिशन राउंड में 25 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें से सेमीफाइनल के लिए 15 प्रतिभागियों का चयन किया गया। सेमीफाइनल 16 अगस्त हो होगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मोहित बरहनी, शिप्रा मोहन सिन्हा, रामेश्वरी बड़वाल, शीतल खण्डेलवाल, लता खंडेलवाल, आशु अरोड़ा, भावना वर्मा, भावना सती द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। ऑडिशन राउंड में 25 प्रतिभागियों में से15 प्रतिभागियों का चयन सेमीफाइनल के लिए किया गया। अपने हाजिर जवाबी, नृत्य, गायन, रेम्प वॉक व सुंदरता से सभी प्रतिभागियों ने निर्णायक मंडल व दर्शको का मन मोहा।



**कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि।**

मिस लैंसडौन का दूसरा चरण वेस्टर्न ड्रेस पर आधारित सेमीफाइनल 16 अगस्त 2023 को आयोजित किया जाएगा। अभ्युदय परिवार की संयोजिका भावना वर्मा ने बताया कि मिस लैंसडौन से जो बालिकाओ में स्फूर्ति व प्रतियोगिता के प्रति समर्पण आता है वो काबिले तारीफ है। कार्यक्रम का संचालन अभ्युदय परिवार के सह संस्थापक प्रशांत थापा ने किया।

## थलीसैंण में निकाली तिरंगा यात्रा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**थलीसैंण** : मेरी माटी मेरा देश अभियान के अन्तर्गत सोमवार को नगर पंचायत थलीसैंण द्वारा भव्या तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को घर पर तिरंगा लागने के लिए दिए गए।

नगर पंचायत थलीसैंण के अधिशासी अधिकारी शैलेन्द्र रावत ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि शहीदों का सम्मान करने का जो संकल्प प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लिया है, उसके तहत देश के प्रत्येक गांव में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। जिसमें शहीदों के आंगन की मिट्टी को कर्तव्य पथ तक ले जाया जाएगा। वीरों के सम्मान में कर्तव्य पथ अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने आजादी के अमृत महोत्सव पर घर पर तिरंगा फहराते हुए हर घर तिरंगा कार्यक्रम में योगदान देने का आवहान भी किया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, नगर पंचायत थलीसैंण के कर्मचारी उपस्थित रहे।




## पौने तीन लाख की स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : पौड़ी जिले की कोटद्वार पुलिस ने 20.58 ग्राम अवैध स्मैक के साथ दो ड्रग्स पैडलर गिरफ्तार किये है। स्मैक की बाजार में पौने तीन लाख रूपये कीमत बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षण मनीभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड द्वारा वर्ष 2025 तक उत्तराखण्ड को नशामुक्त (''ड्रग्स फ्री देवभूमि'') बनाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे ने जनपद में नशीले मादक पदार्थों एवं ड्रग्स की बढ़ती प्रवृत्ति पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व अवैध तरीके से नशीले पदार्थों की खरीद फरोख्त करने वालों के विरूद्ध चौकिंग अभियान चलाकर धर–पकड़ करते हुये वैधानिक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया है।

जिसके क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार शेखर चन्द्र सुयाल के निर्देशन, पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन कोटद्वार विभव सैनी के पर्यवेक्षण, प्रभारी निरीक्षक कोटद्वार मनीभूषण श्रीवास्तव व प्रभारी सीआईयू मौ0 अकरम के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत दौराने चौकिंग नशा तस्कर महफूज आलम उर्फ गुड्डू (उम्र–50 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय महमूद हुसैन को 10.20 ग्राम स्मैक, मौ0 इमरान (उम्र 32 वर्ष) पुत्र अब्दुल रहमान निवासी लकड़ीपडाव, थाना कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल को 10.38 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। जिस सम्बन्ध में अभियुक्तों के विरूद्ध कोतवाली कोटद्वार पर एनडीपीएस अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह स्मैक नजीबाबाद के किसी अनजान लड़के से ली जो स्मैक को बरेली से लाया था। वह स्मैक को कोटद्वार क्षेत्र में बेचने के किये लाये थे। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मनीभूषण श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक सीआईयू मौ0 अकरम, उपनिरीक्षक कमलेश शर्मा, उपनिरीक्षक नवीन पुरोहित, मुख्य आरक्षी शशिकांत, संतोष, उत्तम, आरक्षी राहुल फोर, आशीष, हरीश, लवकेश, पवनीश कुमार, नेहा आदि शामिल थे।

### एसएसपी की जनता से अपील

एसएसपी श्वेता चौबे ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को नशे के सम्बन्ध में कोई सूचना प्राप्त होती है कि कोई व्यक्ति नशे के कार्यों में संलिप्त रहता है या कोई किसी सार्वजनिक स्थान पर नशा कर रहा है तो उसकी सूचना मो. न. 7060470047 पर दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जायेगा। पौड़ी पुलिस द्वारा युवाओं में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति की रोकथाम, अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है।

## युवा संवाद कार्यक्रम 16 को

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : परम पर्वतीय रंगमंच सांस्कृतिक एवं सामाजिक समिति पौड़ी द्वारा राठ महाविद्यालय पैठाणी में 16 अगस्त को युवा संवाद किया जाएगा। परम के सचिव योगम्बर पोली ने बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के नेहरू युवा केंद्र के सहयोग से थलीसैंण के 250 युवाओं के साथ भारत के पंचप्रण विषय पर राठ महाविद्यालय में युवा संवाद किया जाएगा। जिसमें विकसित भारत का निर्माण, गुलामी की हर सोच से मुक्ति, विरासत पर गर्व, एकता–एकजुटता, नागरिक कर्तव्य विषय पर युवाओं का मार्गदर्शन किया जाएगा। बताया कि नेहरू युवा केंद्र के सहयोग से जिले में इसी विषय पर तीन युवा संवादों का आयोजन किया जा रहा है।

## अफसर अपने-अपने क्षेत्रों में सर्तक रहे : एडीएम

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : एडीएम दीपेन्द्र नेगी ने कहा कि जनपद में हो रही भारी वर्षा के दृष्टिगत सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में सर्तक रहें तथा किसी भी घटना के घटित होने पर तत्काल राहत एवं बचाव कार्य त्वरित गति से किया जाये। उन्होंने श्री केदानाथ धाम के दर्शन करने आ रहे तीर्थ यात्रियों से अपील की है कि मौसम ठीक होने पर ही केदारनाथ की यात्रा करे तथा सभी यात्री सुरक्षित स्थानों पर रुके।अपर जिलाधिकारी दीपेन्द्र नेगी ने बताया कि जनपद में हो रही भारी वर्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सर्तक रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिये हैं कि सभी अधिकारी सावधानी से कार्य करते हुए किसी भी तरह की कोई घटना घटित होने पर तत्काल राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित किया जाए, इसके साथ ही किसी भी आपदा एवं भूस्खलन के कारण जो भी नुकसान होता है तो उसका तुरन्त आंकलन करते हुए इसकी सूचना जिला कर्यालय को तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि भारी वर्षा के कारण दोनों नदियों का जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है, तथा नदी के किनारे रह रहे लोगों को सर्तक करते हुए सुरक्षित स्थानो में जाने के लिए कहा जाय। उन्होंने श्री केदारनाथ धाम में दर्शन करने आ रहे तीर्थ यात्रियों से अपील की है कि मौसम ठीक होने पर ही श्री केदारनाथ धाम की यात्रा करें, वर्तमान समय में भारी वर्षा के कारण श्री केदारनाथ यात्रा मार्ग कई स्थानों पर अवरुद्ध है तथा पैदल मार्ग भी कई स्थानों पर भी भारी मलवा आने के कारण अवरुद्ध है। उन्होंने सभी यात्रियों से अपील की है कि सभी यात्री सुरक्षित स्थानों पर रुकें एवं मौसम ठीक होने पर ही श्री केदारनाथ धाम की यात्रा शुरु करें। उन्होनें श्री केदारनाथ यात्रा पैदल मार्ग में यात्रियों की सुरक्षा के लिए तैनात किए गये पुलिस, डीडीआरएफ, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, वाईएमएफ एवं प्रशासन की टीमों एवं जवानों को निर्देश दिये है कि सभी जवान संवेदशील एवं भूस्खलन क्षेत्रों में तैनात रहते हुए अपनी सुरक्षा के साथ यात्रियों की सुरक्षा के लिए सर्तकता एवं सावधानी से कार्य करें।






हर देश की विकास यात्रा में एक समय ऐसा आता है जब देश खुद को नए सिरे से परिभाषित करता है। अगले 25 वर्षों की यात्रा भारत के इस सृजन का अमृत काल है। इस अमृत काल में हमारे संकल्पों की सिद्धि, हमें गौरवपूर्ण रूप से आज़ादी के 100 वर्ष तक ले जाएगी।

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

# स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

आओ, मिलकर फहराएँ
**हर घर तिरंगा**



मैं, भारत माता की स्वाधीनता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी अमर शहीदों, महान स्वतन्त्रता सेनानियों तथा स्वतन्त्र भारत की सुरक्षा एवं अखंडता में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सभी वीर सैनिकों को नमन् करता हूँ। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आज देश हर्षोल्लास के साथ 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' मना रहा है। नये भारत के निर्माण में नये उत्तराखण्ड का योगदान अमूल्य है। आइये, स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर हम उत्तराखण्ड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के विकल्प रहित संकल्प को लेकर आज़ादी के अमृत महोत्सव की बेला पर हर घर तिरंगा लगाकर राष्ट्रीय पर्व को धूमधाम से मनाएँ।

जय हिन्द, जय उत्तराखण्ड

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड



## नये भारत का नया उत्तराखण्ड

- केदारनाथ-बद्रीनाथ धाम में 1300 करोड़ रुपए से पुनर्निर्माण का कार्य।
- गौरीकुण्ड-केदारनाथ, गोविंदघाट-हेमकुंड साहिब रोपवे।
- मानसखण्ड मंदिर माला मिशन।
- 4000 से अधिक होम स्टे विकसित।
- 16 ईको टूरिज्म डेस्टिनेशन का विकास।
- AIIMS, ऋषिकेश का उधमसिंहनगर में सैटेलाइट सेंटर।
- 2 हजार करोड़ रुपए की लागत से टिहरी लेक डेवलपमेंट।
- एडवेंचर टूरिज्म व योग का केन्द्र बना उत्तराखण्ड।
- चारधाम ऑल वेदर रोड।
- दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे।
- वन्देभारत एक्सप्रेस ट्रेन।
- पर्वतमाला परियोजना से प्रदेश में रोपवे कनेक्टिविटी।
- ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना।
- पर्यटन हब, एडवेंचर टूरिज्म, फिल्म शूटिंग डेस्टिनेशन के रूप में उभरता उत्तराखण्ड।
- भारतमाला परियोजना।
- एक जिला-दो उत्पाद योजना।
- निवेश अनुकूल औद्योगिक नीति।
- स्टार्टअप से युवा उद्यमिता को प्रोत्साहन।
- अटल आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना।
- स्टेट मिलेट मिशन से राज्य में पौष्टिक अनाज को बढ़ावा।
- अन्त्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना के तहत वर्ष में 3 गैस सिलैण्डर रिफिल मुफ्त।
- मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना।
- राज्य में सोलर पॉवर उत्पादन को प्रोत्साहित करने हेतु नई सौर ऊर्जा नीति लागू।
- मिशन एप्पल के तहत राज्य में सेब के 500 बगीचों की स्थापना का लक्ष्य है। मिशन एप्पल का बजट दुगुना।
- राज्य के किसानों के लिए 304 करोड़ रुपये की पॉलीहाउस योजना के तहत प्रदेशभर में लगभग 18000 पॉलीहाउस बनाने का लक्ष्य रखा गया है। किसानों को पॉलीहाउस बनाने के लिए सरकार द्वारा 70 प्रतिशत सब्सिडी।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

# मायापुर में एक व्यक्ति लापता, पीपलकोटी में तीन सरकारी वाहन क्षतिग्रस्त

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : अतिवृष्टि से नगर पंचायत पीपलकोटी में तीन सरकारी वाहनों को क्षति हुई है। तहसील चमोली अन्तर्गत मायापुर में एक व्यक्ति लापता है और तीन व्यक्तियों को सामान्य चोट लगी है। तहसील प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ, एनडीआरएफ घटना स्थल पर मौजूद है। उन्होंने बताया कि जिले में रविवार की रात्रि को अतिवृष्टि के कारण कुल 09 पुल क्षतिग्रस्त हुए है।



जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने सोमवार को आपदा कन्ट्रोल रूम से जनपद में अतिवृष्टि से हुई क्षति और मौजूदा स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि बारिश के कारण जिन स्थानों पर नुकसान हुआ है वहां तत्काल राहत पहुंचायी जाए। प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करते हुए भोजन, पानी की समुचित व्यवस्था की जाए। प्रभावित क्षेत्रों में खाद्यन्न, विद्युत, पेयजल, सड़क एवं संपर्क मागी को शीघ्र सुचारू करें। लोक निर्माण विभाग को रतगांव मोटर मार्ग पर तत्काल वैलीब्रिज बनाने के निर्देश दिए। बद्रीनाथ राजमार्ग कई स्थानों पर बाधित होने और हाईवे पर भूस्खलन के संभावित खतरे को देखते हुए जिलाधिकारी ने यात्रा पर तत्काल रोक लगाते हुए यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर ठहराने के निर्देश भी दिए। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी ने बताया कि अतिवृष्टि के कारण जनपद में तहसील थराली, जोशीमठ तथा चमोली प्रभावित हुए है। नगर पंचायत पीपलकोटी में तीन सरकारी वाहनों को क्षति हुई है। तहसील चमोली अन्तर्गत मायापुर में एक व्यक्ति लापता है और तीन व्यक्तियों को सामान्य चोट लगी है। तहसील प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ, एनडीआरएफ घटना स्थल पर मौजूद है। उन्होंने बताया कि जिले में रविवार की रात्रि को अतिवृष्टि के कारण कुल 09 पुल क्षतिग्रस्त हुए है। इनमें से एक मोटर पुल प्राणमती गदेरे और एक मोटर पुल ढाडरबगड का शामिल है। इसके अलावा एक झूला पुल प्राणमती गदेरे एवं तीन पैदल पुल वाण क्षेत्र और तीन पुल रतगांव क्षेत्र में क्षतिग्रस्त हुए है। तहसील चमोली के अन्तर्गत दो प्राथमिक विद्यालय भवन, 05 गौशालाएं, 04 भवन क्षतिग्रस्त हुए है। तहसील जोशीमठ के अन्तर्गत 05 भवन क्षतिग्रस्त हुए है। तहसील प्रशासन द्वारा क्षति का विस्तृत आंकलन किया जा रहा है। भारी बारिश के कारण जनपद में कर्णप्रयाग से बद्रीनाथ तक हाईवे 10 स्थानों पर अवरूद्ध है। जबकि अन्य 47 ग्रामीण मोटर मार्ग अवरूद्ध हुए है। तहसील चमोली, घाट, नारायणबगड, थराली व देवाल के कुछ गांवों में विद्युत आपूर्ति बाधित है। पीपलकोटी व गोपेश्वर में पेयजल आपूर्ति बाधित है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी एनके जोशी आदि मौजूद थे।

## मदमहेश्वर धाम को जोड़ने वाली पुलिया बही, सैकड़ों श्रद्धालु फंसे

रुद्रप्रयाग : मद्महेश्वर घाटी में हो रही लगातार बारिश से गौंडार के निकट बनतोली में स्थित मद्महेश्वर धाम को जोड़ने वाला पुल बहने से दो सौ से अधिक श्रद्धालु धाम में फंसे हुए हैं। जिसके बाद सोमवार को मौके पर एसडीआरएफ की टीम पहुंची। सोमवार तड़के लगभग तीन बजे बनतोली के निकट स्थित सरस्वती नदी एकाएक उफान पर आ गयी जिसके बाद आसपास रह रहे स्थानीय लोगों ने भागकर जान बचाई। ग्राम प्रधान वीर सिंह और स्थानीय अरविंद सिंह ने बताया कि नदी के लगातार उफान पर आने के चलते सोमवार सुबह छह बजकर चालीस मिनट पर सरस्वती नदी पर बना पैदल पुल नदी में समा गया है एवं स्थानीय लोगों की दुकानें क्षतिग्रस्त हुई हैं। पुल टूटने से मद्महेश्वर धाम में दर्शनों के लिए गए दो सौ से अधिक श्रद्धालु एवं स्थानीय लोग फंसे हुए हैं। वहीं प्रशासन ने इन लोगों से धाम में रुकने की अपील की है। तहसीलदार दीवान सिंह राणा ने बताया कि प्रशासन एवं एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच चुकी है।

# मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित

नई टिहरी : नरेन्द्र नगर विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत गजा में मेरी माटी–मेरा देश अभियान का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें 45 पूर्व सैनिकों, पूर्व अर्ध सैनिक बलों, उनके परिजनों को माल्यार्पण करते हुए शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। शिलाफलक का माल्यार्पण नगर पंचायत गजा अध्यक्ष मीना खाती ने पूर्व सैनिकों के साथ किया। पूर्व सैनिकों व उनके परिजनों के साथ फलदार पौधों का रोपण भी किया गया। नगर पंचायत गजा अध्यक्ष मीना खाती ने अपने सम्बोधन में कहा कि देश की सीमा पर तैनात उन सभी वीर सैनिकों, जिन्होंने अपनी शहादत दी है, को श्रद्धांजलि देते हुए सभी पूर्व सैनिकों व पूर्व अर्ध सैनिक बलों उनके परिजनों को भी सम्मानित करने से हम गर्व महसूस करते हैं। कार्यक्रम में शिखर स्कालर्स एकेडमी हाई स्कूल गजा की छात्राओं के ने देश भक्ति के गीत प्रस्तुत किए। वृहद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में तहसीलदार गजा रेनु सैनी, सेवा भारती जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह खाती, भाजपा के जिला मंत्री गजेन्द्र सिंह खाती, सभासद सुनील सिंह चौहान, व्यापार सभा के विनोद सिंह चौहान, जोत सिंह चौहान, दिनेश सिंह खाती, पूर्व सैनिक मनजीत सिंह नेगी, मदन सिंह चौहान, ऋषिराम ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अधिशासी अधिकारी हरेंद्र सिंह चौहान ने किया। अध्यक्षता रिटायर कैप्टन हुक्म सिंह खडवाल ने की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नगर पंचायत गजा के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दिनेश प्रसाद उनियाल, पुलिस चौकी से विजय थपलियाल, धन सिंह उनियाल, वन दरोगा कुलदीप सिंह, शैलेंद्र सिंह चौहान, वीर सिंह असवाल, राजस्व उप निरीक्षक प्रवीन जेठूडी, व्यापार सभा गजा के विजय तड़ियाल, आनन्द सिंह खाती, यशपाल सिंह चौहान, उम्मेद पयाल, आशीष चौहान, सभासद पुलमा देवी आदि मौजूद रहे।

## पुश्ता धंसने के बाद आवाजाही के लिए बंद हुई अस्थाई पुलिया

नई टिहरी : तीर्थनगरी देवप्रयाग में शांता नदी में आये उफान के बाद यहां बनी अस्थायी पुलिया को आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया। इसके चलते बस स्टेशन, शांति बाजार से आने वाले यात्रियों, स्थानीय लोगों, छात्र–छात्राओं की मुश्किल बढ़ गयी है। उन्हें आधा किमी से अधिक चल कर भागीरथी पुल व नगर के बाजारों तक पहुंचना पड़ रहा है। बीते 11 मई 2021 को शांता नदी में आये सैलाब से यहां बड़ी तबाही हुई थी। जिसमें तीन मंजिला आईटीटी भवन सहित यहां स्थित पुलिया, दुकानें आदि बह गए थे। तत्कालीन सीएम तीरथ सिंह रावत ने यहां दौरा कर तुरंत नई पुलिया बनाने के आदेश दिये थे। मगर पिछले दो साल से यहां पुराने लोहे की चद्दर से बनी पुलिया से ही काम चलाया जा रहा है।


नगर निगम कोटद्वार
"समस्त पार्षदगण एवं नगर निगम परिवार"

अपील

1. डेंगू के प्रकोप से बचने के लिये अपने आस-पास पानी इकट्ठा न होने दें। कूलर का पानी साफ रखें।
2. स्वच्छ भारत अभियान में सहयोग करें।
3. नालियों में कूड़ा करकट न फेंके।
4. सार्वजनिक जगहों, घरों एवं नलों में पानी व्यर्थ न बहने दें।
5. घरों का कूड़ा कूड़ेदान या कूड़े वाली गाड़ी में ही डाले। सूखा कूड़ा एवं गीला कूड़े को पृथक-पृथक रखें।
6. सरकारी भूमि पर अतिक्रमण न करें।
7. नगर निगम कोटद्वार द्वारा आरोपित गृहकर/सम्पत्ति कर/लीज/यूजर चार्ज आदि का समय पर भुगतान करें।
8. नगर निगम कोटद्वार की सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान न पहुंचाये।
9. पॉलीथीन का प्रयोग न करें।
10. नगर निगम शहर को स्वच्छ, सुन्दर बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

वैभव गुप्ता — नगर आयुक्त, नगर निगम कोटद्वार
सदस्य — पार्षदगण, नगर निगम कोटद्वार
हेमलता नेगी — महापौर, नगर निगम कोटद्वार


# कुंड स्थित शहीद पार्क में वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी




इस दौरान झंडारोहण, राष्ट्रगान के साथ ही स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने शहीद पार्क गोपेश्वर में आयोजित मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि शहीदों का सम्मान करने का जो संकल्प माननीय प्रधानमंत्री ने लिया है, उसके तहत देश के प्रत्येक गांव में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। जिसमें शहीदों के आंगन की मिट्टी को कर्तव्य पथ तक ले जाया जाएगा। वीरों के सम्मान में कर्तव्य पथ अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने आजादी के अमृत महोत्सव पर घर पर तिरंगा फहराते हुए हर घर तिरंगा कार्यक्रम में योगदान देने का आवहान भी किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा पासवान, नगर पालिका के सभी वार्डों से पार्षदगण और बडी संख्या में स्कूली बच्चे व गणमान्य नागरिक मौजूद थे। (एजेंसी)

## कुंड स्थित शहीद पार्क में वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी

चमोली : मेरी माटी मेरा देश अभियान के अन्तर्गत सोमवार को नगर पालिका गोपेश्वर द्वारा कुंड स्थित शहीद पार्क में वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान शहीद पार्क में शिला फलकम की स्थापना, वीरों का वंदन के साथ ही शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन भी किया गया।






# अलकनंदा-मंदाकिनी का जल स्तर बढ़ा, लोगों ने खाली किए घर

रुद्रप्रयाग : चमोली और केदारघाटी में हुई अतिवृष्टि के चलते सोमवार को अलकनंदा और मंदाकिनी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया। इस बीच नगर स्थित प्रमुख हनुमान मंदिर के साथ ही कई घरों में पानी घुसने से काफी नुकसान हुआ है।

लोगों ने रात ढाई बजे दहशत के बीच घर खाली किए। हालांकि प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा को देखते हुए एनाउंसमेंट कर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा। बीती रात हुई भारी बारिश से अलकनंदा और मंदाकिनी परिसर में जल स्तर काफी ऊपर तक आ गया। हालांकि यहां जानमाल का नुकसान नहीं हुआ किंतु निचले भवनों में मलबा और पानी घुस गया। यहां वर्ष 2013 जैसे हालात दिखाई दिए। वहीं नगर स्थित हनुमान मंदिर के गर्भ गृह के साथ ही परिसर, कीचन, बाथरूम आदि स्थानों पर अलकनंदा का पानी घुस गया। यहां जरूरी सामान को क्षति पहुंची तो चारों ओर रेत के ढेर लग गए।

वहीं इसके आस-पास आधा घरों में पानी और रेत घुसने से नुकसान हुआ है। इन भवनों में रह रहे लोगों ने रात में ही घर में रखा सामान खाली किया और स्वयं सुरक्षित स्थानों पर चले गए। एसबीआई से अस्पताल परिसर को जोड़ने वाली पुलिया पूरी तरह पानी में डूबी रही। जबकि रात 2 बजे पानी बढ़ने से नगर पालिका भवन पर रह रहे सफाई कर्मियों ने भी निचले भवन को पूरी तरह खाली किया। कुछ ही देरे में इस भवन में पानी घुस गया। सफाई कर्मी मनोज कुमार, कैलाश ने बताया कि रात में किसी तरह लोगों ने जान बचाई। कई लोगों ने सामान खाली किया। पूरी रात सो नहीं पाए। कई लोगों को नुकसान भी हुआ है। इधर करीब आधा दर्जन भवन स्वामियों को नदी के पानी और रेत से काफी नुकसान हुआ है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से प्रभावित लोगों को मकानों की साफ सफाई और जरूरी सामान को हुए नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा देने की मांग की है। (एजेंसी)


जिला सहाकारी बैंक लि0 गढ़वाल (कोटद्वार)

समस्त जमा धन का विनियोजन जनपद व बैंक ग्राहको के विकास हेतु जमाओं पर आकर्षक ब्याज तथा व्यवसायिक ऋण, शिक्षा ऋण व अन्य ऋणों की सुविधा केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा संचालित ऋण योजनाओं में भागीदारी। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना, पूर्णतया सी0बी0एस0, आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 की सुविधा, आई0एम0पी0एस0 मोबाईल एप, भारत पे एवं ए0टी0एम0 सुविधा।

उत्तराखण्ड शासन द्वारा दीन दयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजनान्तर्गत लघु, सीमान्त एवं गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले कृषकों को 3 लाख रूपये तक तथा स्वयं सहायता समूह को पांच लाख रूपये तक का ऋण शून्य प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है। अधिक जानकारी हेतु नजदीकी शाखा से सम्पर्क करें।

(सूर्य प्रकाश सिंह)
सचिव/महाप्रबन्धक
जिला सहकारी बैंक लि0
गढ़वाल (कोटद्वार)।

(श्री नरेन्द्र सिंह रावत)
अध्यक्ष
जिला सहकारी बैंक लि0
गढ़वाल (कोटद्वार)।

# टनल में फंसे 114 इंजीनियरों व मजदूरों को रेस्क्यू किया

नई टिहरी : रेल के लिए बनाई जा रही शिवपुरी टनल में फंसे 114 इंजीनियरों व मजदूरों को मुनिकीरेती पुलिस ने सकुशल रेस्क्यू कर बाहर निकाला है। पुलिस की मीडिया सेल ने बताया कि सोमवार को सुबह के वक्त एलएण्डटी कम्पनी शिवपुरी के प्रबंध अजय प्रताप सिंह ने चौकी प्रभारी शिवपुरी को दूरभाष से सूचना दी, कि उनकी कंपनी के एडिट-2 की टनल में काम करने वाले मजदूर एवं इंजीनियर टनल के करीब तीन सौ मीटर अंदर फंस गए हैं। टनल में करीब 4 फीट पानी भर गया है। जिस सूचना पर चौकी प्रभारी शिवपुरी तत्काल मौके पर मय फोर्स पंहुचे। जहां एलएण्डटी कम्पनी की टनल के अंदर करीब 4 से 5 फीट पानी भर गया था। लगातार पानी बढ़ता जा रहा था। टनल के बाहर मलबा आने के कारण पानी की निकासी नहीं हो रही थी। जिसे देखते हुए पोकलैंड मशीन ने निकासी बनाते हुए मलबा हटवाकर पानी को बाहर निकाला। रस्से सहित अन्य आपदा उपकरणों से टनल में जाकर वहां काम करने वाले 114 व्यक्तियों को सकुशल रेस्क्यू कर सभी को सुरक्षित स्थान में पहुंचाया गया। जिसके लिए एलएण्डटी कम्पनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुलिस की त्वरित कार्यप्रणाली की प्रशंसा की और सुरक्षित रेस्क्यू के लिए आभार जताया। रेस्क्यू टीम में प्रभारी निरीक्षक मुनिकीरेत रितेश शाह, एसआई प्रदीप रावत सहित अन्य पुलिस कर्मियों में मनीष कुमार, रविंद्र राणा, जयदीप नेगी, दिवाकर फलोरिया, दीपक रावत आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

## प्रशंसकों से मिले रजनीकांत, प्रकृति का किया दीदार

चमोली : श्रीबदरीनाथ धाम में पूजा अर्चना के बाद रविवार रात्रि को प्रसिद्ध अभिनेता रजनीकांत ने कर्णप्रयाग में रात्रि विश्राम किया।

सोमवार सुबह रजनीकांत ने संगम सहित आस पास के प्राकृतिक सुंदरता का अवलोकन किया। साथ ही कुछ प्रशंसकों से मिले। स्थानीय युवा रामकृष्ण भट्ट ने बताया कि रविवार रात्रि को रजनीकांत पंच प्रयागों में से एक कर्णप्रयाग पहुंचे। यहां सोमवार सुबह को रजनीकांत ने अलकनंदा और पिंडर के पावन संगम का अवलोकन किया। इस दौरान रजनीकांत ने कहा कि उत्तराखंड की प्राकृतिक और धार्मिक पवित्रता की देवभूमि की असली पहचान है। सोमवार सुबह कर्णप्रयाग से प्रस्थान से पहले रजनीकांत होटल में चंद प्रशंसकों से मिले। इस दौरान रामकृष्ण भट्ट, अशुंल, आलोक नौटियाल सहित दर्जन भर युवा मौजूद थे। (एजेंसी)

# श्रीदेव सुमन विवि ने डीएनए लैब्स के साथ एमओयू साइन किया

नई टिहरी : श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विवि बादशाहीथौल टिहरी गढ़वाल और डीएनए लैब्स (ए सेंटर फार एप्लाइड साइंसेज) देहरादून के मध्य एक समझौता हस्ताक्षर किया गया। जिससे आने वाले समय में छात्रों का शैक्षणिक माहौल सुदृढ़ करने में लाभ मिलेगा। श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एनके जोशी ने बताया कि इस एमओयू के अन्तर्गत दोनों संस्थानों के बीच अनुसंधान, उत्तराखंड के छात्रों के बीच विज्ञान शिक्षा को बढ़ावा देना, उत्तराखंड के छात्रों के बीच क्षमता निर्माण कार्यक्रम, उत्तराखंड में संस्थानों के बीच शैक्षणिक वृद्धि की दिशा में काम करना तथा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाने इत्यादि विषयों पर संयुक्त रूप से कार्य करने पर एमओयू हस्ताक्षर हुए। डीएनए लैब्स (ए सेंटर फार एप्लाइड सांइसेज) देहरादून के उप निदेशक दिव्य प्रकाश पांडे ने इस अवसर पर दोनों संस्थानों के बीच हुए इस समझौते पर प्रशंसा व्यक्त कर कहा कि आपसी समन्वय व जागरूकता से प्रदेश को विभिन्न क्षेत्रों में सशस्त बनाया जा सकता है, जिसके लिए डीएनए लैब्स (ए सेंटर फार एप्लाइड सांइसेज) देहरादून व श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय बादशाहीथौल टिहरी गढ़वाल द्वारा मिलकर कार्ययोजना तैयार कर मूर्त रूप देना होगा। इस अवसर पर पंडित ललित मोहन शर्मा परिसर ऋषिकेश के विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो गुलशन कुमार ढींगरा, डीएलसीएएस के वैज्ञानिक एवं प्रयोगशालाओं के प्रमुख डॉ. नरोत्तम शर्मा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)




# अगस्त्यमुनि सौड़ी से 3 बच्चे लापता

रुद्रप्रयाग : नगर पंचायत अगस्त्यमुनि के सौड़ी वार्ड से 3 बच्चे रविवार शाम से लापता हो गए हैं। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी है। मामले में पुलिस ने तत्काल बच्चों की तलाश शुरू कर दी है। केदारघाटी में लगातार हो रही बारिश से जगह-जगह सड़के टूटी हैं और यात्रामार्ग पर भी अतिवृष्टि से नुकसान हुआ है, ऐसे में परिजनों केदारनाथ यात्रा मार्ग पर रह रहे लोगों से भी बच्चों को ढूंढने में मदद की गुहार लगाई है। रविवार देर शाम सौड़ी गांव के 16 वर्षीय दीपक दुमागा पुत्र दिनेश दुमागा, 14 वर्षीय विपिन सजवाण पुत्र स्व. कमल सिंह सजवाण और 14 वर्षीय कैलाश बोरा पुत्र ममता देवी बोरा कल शाम ट्यूशन के बहाने घर से निकले। उन्हें अंतिम बार तकरीबन 6 बजे सौड़ी बाजार में देखा गया। जिसके बाद से उनका कोई अता पता नहीं है। बताया जा रहा कि ट्यूशन के बहाने स्कूल बैग में कपड़े और कुछ नगदी रखकर तीनों केदारनाथ में मजदूरी करने की मंशा से घर से भागे हैं। बच्चों की गुमशुदगी से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। सोमवार को बच्चों की कोई सूचना न मिलने पर थाना अगस्त्यमुनि में परिजनों ने उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष अगस्त्यमुनि रविन्द्र चौहान ने बताया कि परिजनों की सूचना पर रिपोर्ट दर्ज कर दी गई है। मामले में पुलिस ने तत्काल बच्चों की तलाश शुरू कर दी है।

### श्रीनगर में निकाली गई तिरंगा रैली

श्रीनगर गढ़वाल : हर घर तिरंगा अभियान के तहत गढ़वाल विवि के चौरास परिसर में तिरंगा रैली निकाली गई। इस मौके पर विभिन्न विभागों एवं एनएसएस व एनसीसी के छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। तिरंगा रैली में पहुंची गढ़वाल विवि की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल ने कहा कि गढ़वाल विवि में निकाली गई तिरंगा रैली के माध्यम से तिरंगे की आन-बान-शान के प्रति जागरूकता पैदा करना है। कहा हमारा तिरंगा झंडा हमेशा ऊंचा रहे हमारा यह एक बड़ा संदेश है।

## खाई में गिरी महिला, घायल

रुद्रप्रयाग : जंगल में घास काटते समय एक महिला के खाई में गिरने से घायल हो गई। अन्य महिलाओं ने इसकी सूचना परिजनों को दी, जिसके बाद पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से महिला को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। तल्लानागपुर क्षेत्र के नारी सतेरखाल निवासी 62 वर्षीय रूपदेई देवी पत्नी दलवीर सिंह घास लेने पास के जंगल में गई थी।

घास काटते समय अचानक महिला पांव फिसल गया, जिससे वह सीधे नीचे गदेरे में जा गिरी। महिला के सर व हाथ पांव पर चोटें आई हैं।




## स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्यपाल गुरमीत सिंह ने देश एवं प्रदेश वासियों को दी शुभकामनाएं

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने देश एवं प्रदेश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। पूर्व संध्या में जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने स्वतंत्रता संग्राम के ज्ञात व अज्ञात गौरव सेनानियों को याद करते हुए कहा कि उनके त्याग व बलिदान से ही स्वतंत्र भारत का सपना साकार हुआ। उन्होंने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की आजादी एवं सुरक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

राज्यपाल ने कहा कि "आजादी के अमृत महोत्सव" और अमृतकाल में देश की प्रगति और विकास हेतु प्रत्येक देशवासी में जो उत्साह और उमंग दिख रही है वह अपने आप में अलग है। राज्यपाल ने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि "इस मौके पर हम सभी संकल्प लें कि देश एवं प्रदेश की प्रगति एवं विकास के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें और यही प्रयास आजादी के नायकों को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

नं. 75-W/2/3WA/publication दिनांक 14.08.2023

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मंडल अभियंता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई टेंडर निम्न टेंडर संख्या के अंतर्गत आमंत्रित किये जाते है। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | |
|---|---|
| Tender No. Date | 116-DRM-MB-23-24 dt. 14.08.2023 |
| Name of work | Second entry & facilities for merchant in moradabad good shed |
| Tender Closing Date Time | 08.09.2023 16.00 |
| Advertised Value (Rs.) | 7053395.80 |
| Earnest Money (Rs.) | 141100.00 |
| Tender Doc. Cost (Rs.) | 0.00 |
| Bidding Start Date | 25.08.2023 |
| Period Completion | 4 Months |

2526/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ




## सम्पादकीय

# प्रकृति बनाएगी अपना संतुलन

उत्तराखंड में मौसम का मिजाज अभी भी थमता हुआ नजर नहीं आ रहा है और पहाड़ी क्षेत्र में हो रही मूसलाधार बारिश अपना रौद्र रूप दिखा रही है। खासतौर से नदियों के किनारे रहने वाले लोगों के लिए यह मानसून एक बड़ी प्राकृतिक आपदा लेकर आया है और कई मकान,पुल व अन्य निर्माण नदी के तेज बहाव में बह कर नष्ट हो गए हैं। साफ है कि नदी के रास्ते में जो भी अतिक्रमण किए गए थे वह प्रकृति ने खुद ही एक सिरे से साफ करने शुरू कर दिए हैं। पहाड़ों से लेकर मैदान तक नदी नालों के किनारे बसाए लोगों के लिए एक बड़ा खतरा मंडरा रहा है, जिस पर शायद पूर्व की सरकारों ने कभी ध्यान ही नहीं दिया। राजनीतिक स्वार्थों की गोटियां सेंकने वालों के लिए अवैध कब्जों को लेकर शासन प्रशासन आंखें मूंदे बैठा रहा। अतिक्रमण हटाना तो दूर की बात बल्कि वोट बैंक की खातिर अवैध रूप से बसी बस्तियों को मालिकाना हक देने की होड़ सी मच गई। नदी किनारे कई बस्तियां बस गई जिसे हटाने में शासन–प्रशासन नतमस्तक हो गया, लेकिन प्रकृति के आगे किसी का जोर नहीं चलता और जब नदियों ने अपनी सीमाएं तोड़ी तो ऐसी कई बस्तियां जमींदोज हो गई। प्रकृति तो अपना संतुलन बनाने की दिशा में चलती है और उसकी राह में जो भी अतिक्रमण करता है उसका हिसाब वह खुद ही करती है। हैरानी की बात तो यह है की राजधानी देहरादून से लेकर उत्तराखंड के सभी जनपदों में नदियों के किनारे ऐसे स्थाई निर्माण किए गए हैं जो की नियम कायदों के अनुसार पूरी तरह से प्रतिबंधित है। कई कई मंजिला भवन तैयार कर लिए गए हैं जो अब खतरे की जद में बने हुए हैं। नदियों के किनारे बसे अवैध बस्तियों को लेकर पुलिस प्रशासन के आगे भी एक चुनौती बन गई है और एक बड़ा पुलिस बल इन बस्तियों में बसे लोगों को रेस्क्यू करने में जुटा हुआ है। अगस्त का मध्य चल रहा है और अभी भी उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में बारिश खूब कहर बरपा रही है। पहाड़ी इलाकों में नदी नाले उफान पर हैं। जलस्तर बढ़ने के कारण गंगा नदी से लेकर अन्य नदी नाले भी खतरे के निशान से ऊपर बह रहीं हैं तो कइयों ने अपनी हदों को तोड़कर रिहायशी क्षेत्र में तांडव मचा रखा है। शायद ही उत्तराखंड का कोई ऐसा जिला बचा हो जहां भारी बारिश ने जान माल की हानि ना पहुंचाई हो। जगह–जगह पर सड़के टूट गई है। हाल ही में बनाए गए कई पुल धराशाई हो गए जो भ्रष्टाचार की एक अलग ही कहानी बयां करते हैं तो वही नदी किनारे बसे लोगों पर तो मानो आफत ही बरस गई है। केदारनाथ में आई आपदा के बाद नदियों के किनारे बनाए गए निर्माणों को लेकर कार्रवाई करने का ऐलान किया गया था लेकिन कार्रवाई तो दूर की बात है उल्टे पहाड़ों से लेकर मैदानों में नदियों के किनारे अवैध कब्जे होते चले गए जिन्होंने नदियों का मुहाना संकरा कर दिया। भारी बारिश हुई तो मुहाने छोटे पड़ने लगे और नदी अपने पुराने स्वरूप में आकर बहने लगी। नतीजतन किनारों पर बसे कई निर्माण नदियों के साथ बहकर जमींदोज हो गए। राज्य सरकार को नदियों के किनारे बसे अवैध कब्जे को लेकर सख्त नीति बनानी चाहिए और यह निश्चित कर लेना चाहिए कि हर प्रकार की नदी के एक निश्चित दायरे में किसी भी प्रकार का कोई निर्माण ना होने पाए। जब राजधानी देहरादून में ही शासन–प्रशासन की नाक के नीचे नदियों के किनारे बहुमंजिला इमारतें बनी हो तो दूसरे क्षेत्रों में बड़ी कार्रवाई की उम्मीद कैसे की जा सकती है? प्रकृति का यह रौद्र रूप आप खुद ही आसन के देने लगा है कि यदि लोगों को जान–माल की हानि से बचाना है तो इस दिशा में गंभीर कदम उठाने ही होंगे अन्यथा प्रकृति के कोप के आगे किसी की नहीं चलने वाली।

# चुनाव के लिए अधिकारियों का सेवा विस्तार



केंद्र सरकार ने एक के बाद एक अधिकारियों को सेवा विस्तार दिया है। प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के प्रमुख का मामला तो अलग है क्योंकि उसमें जो हो रहा है उस पर सुप्रीम कोर्ट की नजर है। लेकिन उसके अलावा सरकार ने दो सबसे बड़े अधिकारियों– कैबिनेट सचिव और गृह सचिव को एक एक साल का सेवा विस्तार दिया है। पहले कैबिनेट सचिव राजीव गौबा को तीसरा विस्तार दिया गया और उसके बाद गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को एक साल का चौथा विस्तार दिया गया। बताया जा रहा है कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों को ध्यान में रख कर सरकार ने फैसला किया है। चुनाव से पहले केंद्र सरकार अधिकारियों के बीच बना सामंजस्य बिगाडऩा नहीं चाहती है। हालांकि इससे कई अधिकारी नाराज और निराश बताए जा रहे हैं। खास कर 1986 बैच के अधिकारी, जिनमें से कई कैबिनेट सचिव या गृह सचिव बनने की उम्मीद कर रहे थे।

बहरहाल, यह संयोग है कि इस समय सारे उच्च पदों पर बैठे अधिकारी 1984 बैच के हैं। कैबिनेट सचिव और गृह सचिव के अलावा मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार भी 1984 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। सरकार ने गौबा और भल्ला को एक एक साल का सेवा विस्तार देकर यह सुनिश्चित कर दिया है कि अगला लोकसभा चुनाव 1984 बैच के अधिकारियों की देख–रेख में होगा। अगले साल जब कैबिनेट सचिव और गृह सचिव का विस्तारित कार्यकाल समाप्त होगा तब तक उनके आगे के दो या तीन बैच के लगभग सारे अधिकारी रिटायर हो चुके होंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त का कार्यकाल भी 2025 के शुरू में समाप्त होगा। ईडी के प्रमुख संजय मिश्रा का कार्यकाल जरूर सितंबर में समाप्त हो जाएगा क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र के आग्रह पर 15 सितंबर तक का कार्यकाल दिया है।

# लफ्फाजी, आंकड़े और अनसुनी सिसकियां

**स्मृति ईरानी: मणिपुर के टुकड़े नहीं हुए हैं। मणिपुर विभाजित नहीं हुआ है। वह भारत का अभिन्न अंग है। आज कांग्रेस के नेता न्याय की बात करते हैं। लेकिन मैं उन से पूछना चाहती हूं कि कश्मीरी पंडितों को न्याय कब मिलेगा? 1984 के दंगों के शिकार सिखों को न्याय कब मिलेगा? 2014 तक सिर्फ़ 39 प्रतिशत घरों में शौचालय थे। 2019 में देश के सौ प्रतिशत घरों में शौचालय बन गए। जब कांग्रेस की सरकार थी तो सिर्फ़ तीन करोड़ परिवारों को नल से पानी मिलता था। 2019 में साढ़े बारह करोड़ परिवारों को मिलने लगा। 23 करोड़ महिलाओं के जनधन खाते बैंकों में खुले। 40 करोड़ लोगों को मुद्रा योजनाउ में कर्ज़ मिले। इन में से 27 करोड़ महिलाएं हैं। बहुत–से नए विश्वविद्यालय खुले। सैकड़ों खिलाडियों ने पदक जीते। हज़ारों नए रेल–डिब्बे बने। देश तरक्क़ी कर रहा है। यह अविश्वास प्रस्ताव निरर्थक है।**

**पंकज शर्मा**

2024 के चुनाव में हम पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ कर वापस आएंगे। विपक्ष नो बॉल कर रहा है और इधर से सेंचुरी लग रही है। बच्चा सुंदर होता है तो उसे काला टीका लगा देते हैं। आज जब देश में सब अच्छा हो रहा है तो विपक्ष काले कपड़े पहन कर सदन में आया। विपक्ष को एक गुप्त वरदान मिला हुआ है। वह जिस का बुरा चाहता है, उस का अच्छा हो जाता है।(प्रधानमंत्री के 132 मिनट के भाषण में 98 बार तालियां बजीं, 22 बार ठहाके लगे, 29 बार उन्होंने मणिपुर शब्द का ज़िक्र किया।

बावजूद इस के कि संख्या–शक्ति का गणित साफ था, विपक्ष ने सरकार के ख़िलाफ़ अविश्वास प्रस्ताव ला कर फेंका तो तुरूप का पत्ता ही था, मगर मैं अब तक सोच रहा हूं कि अपनी लचर दलीलों के बावजूद नरेंद्र भाई मोदी ने तीनों इक्के हथिया कैसे लिए? सो, तफ़सील से नफ़्सियाती तज़्ाजया करने के बजाय मैं चुनींदा चेहरों की लोकसभा में कही चुनींदा बातें आप के सामने रख कर सब–कुछ आप पर ही छोड़ता हूं।

राहुल गांधीः पिछले साल मैं ने 130 दिनों तक कन्याकुमारी से कश्मीर तक देश के एक कोने से दूसरे कोने तक की पैदल भारत जोड़ो यात्रा की। यात्रा के दौरान और उस के बाद भी लोग मुझ से यह यात्रा करने का कारण पूछते रहे। शुरू में मैं उन्हें कारण बता नहीं पाता था। शायद शुरू में मैं ख़ुद भी नहीं जानता था कि यह यात्रा मैं क्यों कर रहा हूं। मुझे लगता था कि मैं भारत को देखना चाहता हूं और लोगों से मिल कर उन्हें समझना चाहता हूं। हज़ारों–लाखों लोग यात्रा में मुझ से मिले। उन का दर्द मेरा दर्द बन गया। उन की व्यथा मेरी व्यथा बन गई। लोग कहते हैं कि भारत एक देश है। सच्चाई यह है कि यह दो है। सच्चाई यह है कि यह देश इस के लोगों की आवाज़ है। उन के दर्द, दुःख और दिक्क़तो की आवाज़। अगर हमें यह आवाज़ सुननी है तो अपना अहंकार त्यागना पड़ेगा। अपने भीतर बसी नफ़रत त्यागनी पड़ेगी। कुछ दिनों पहले मैं मणिपुर गया। आज की हक़ीकत यह है कि मणिपुर अब पहले जैसा नहीं रहा। मणिपुर दो हिस्सों में बंट गया है। आप ने मणिपुर को विभाजित कर दिया है। आप ने मणिपुर के टुकड़े कर दिए हैं। मैं मणिपुर के राहत शिविरों में गया। मैं ने वहां महिलाओं और बच्चों से बात की।हमारे प्रधानमंत्री ने यह नहीं किया। महिलाओं के साथ जो बीता, उस की कथाएं सुन कर मैं सिहर गया। इस सरकार ने मणिपुर को ही नहीं मार डाला है, बल्कि मणिपुर में भारत को मार दिया है। यह देश इस के लोगों की आवाज़ है। इस सरकार ने लोगों की आवाज़ मार दी है। इस सरकार ने मणिपुर में भारतमाता की हत्या की है। हमारी सेना एक दिन में मणिपुर में शांति कायम कर सकती है। लेकिन यह सरकार सेना का सहयोग नहीं ले



रही है। राम ने रावण को नहीं मारा था। रावण को उस के अहंकार ने मारा था। रावण सिर्फ़ दो लोगों की बात सुनता था। यह सरकार पूरे देश में आग लगा रही है। इस सरकार ने मणिपुर को भी आग के हवाले कर दिया है। यह सरकार अब हरियाणा में भी यही कर रही है।

स्मृति ईरानीः मणिपुर के टुकड़े नहीं हुए हैं। मणिपुर विभाजित नहीं हुआ है। वह भारत का अभिन्न अंग है। आज कांग्रेस के नेता न्याय की बात करते हैं। लेकिन मैं उन से पूछना चाहती हूं कि कश्मीरी पंडितों को न्याय कब मिलेगा? 1984 के दंगों के शिकार सिखों को न्याय कब मिलेगा? 2014 तक सिर्फ़ 39 प्रतिशत घरों में शौचालय थे। 2019 में देश के सौ प्रतिशत घरों में शौचालय बन गए। जब कांग्रेस की सरकार थी तो सिर्फ़ तीन करोड़ परिवारों को नल से पानी मिलता था। 2019 में साढ़े बारह करोड़ परिवारों को मिलने लगा। 23 करोड़ महिलाओं के जनधन खाते बैंकों में खुले। 40 करोड़ लोगों को मुद्रा योजनाउ में कर्ज़ मिले। इन में से 27 करोड़ महिलाएं हैं। बहुत–से नए विश्वविद्यालय खुले। सैकड़ों खिलाडियों ने पदक जीते। हज़ारों नए रेल–डिब्बे बने। देश तरक्क़ी कर रहा है। यह अविश्वास प्रस्ताव निरर्थक है।

डॉ. फ़ारूख़ अब्दुल्लाः स्मृति ईरानी जी की यह बात पूरी तरह ग़लत है कि जब से उन की सरकार आई है, कश्मीर में बाल विवाह बंद हो गए हैं। महाराज हरिसिंह ने 1928 में बाल विवाह पर पाबंदी लगाई थी और तब से इस क़ानून पर अमल हो रहा है। इस देश का फर्ज़ सिर्फ़ हिदुओं का ख़्याल करना नहीं है। उन्हें मुस्लिमों, ईसाइयों, सिखों झ्र सभी का ख़्याल रखना है। प्रधानमंत्री एक अरब चालीस करोड़ देशवासियों के प्रधानमंत्री हैं। आप देश को बताएं कि पिछले दस साल में कितने कश्मीरी पंडितों को आप कश्मीर वापस लाए? यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आप यह मानते ही नहीं हैं कि हम भी इसी देश का हिस्सा हैं। आप देश को त्रासदी में डाल रहे हैं। लोगों का प्यार हमें आपस में एक रखेगा, बंदूक की ताक़त से यह नहीं होगा। आप कहते हैं कि कश्मीर में शांति है, लेकिन आप जी–20 के सदस्यों को गुलमर्ग और दाचीगाम भी नहीं ले जा पाए। आप कश्मीरियों को पाकिस्तानी समझना बंद कीजिए। मणिपुर में भी शांति तभी आएगी, जब हम प्यार से लोगों के दिल जीतेंगे।

अमित शाहः अविश्वास प्रस्ताव वहम पैदा करने के मक़सद से लाया गया है। देश के लोगों का इस सरकार में पूरा विश्वास है। देश के 60 करोड़ गरीबों का इस सरकार में पूरा विश्वास है। आज़ादी के बाद अगर किसी सरकार को देशवासियों का इतना विश्वास मिला है तो वह इस सरकार को मिला है। इस सरकार ने नौ साल में पचास से ज़्यादा ऐसे युगांतकारी निर्णय लिए हैं, जो अपने में एक कीर्तिमान है। 2014 से पहले हमारा लोकतंत्र भ्रष्टाचार, भाई–भतीजावाद और जातिवाद की गिरफ़्त में था। हमारे मौजूदा प्रधानमंत्री ने इसे कार्यदक्षता पर आधारित बनाया। अविश्वास प्रस्ताव विपक्ष के राजनीतिक दलों के असली चरित्र को उजागर करता है। पहले भी वे अविश्वास प्रस्ताव ला कर अपनी असलियत दिखा चुके हैं।

हमारी सरकार ने पूवीत्तर भारत को मुख्यधारा में लाने का काम किया है। प्रधानमंत्री जी अब तक पचास से ज़्यादा बार पूवीत्तर राज्यों के दौरे पर जा चुके हैं। यह ग़लतफ़हमी फैलाई जा रही है कि सरकार मणिपुर पर चर्चा नहीं करना चाहती है। मैं ने तो संसद का सत्र शुरू होने से पहले ही लोकसभा अध्यक्ष जी को पत्र भेज कर कहा था कि मणिपुर पर चर्चा कराएं। मैं आप को मणिपुर की हिंसा के पीछे के कारणों को विस्तार से बता रहा हूं। लेकिन विपक्ष को तो सिर्फ़ हंगामा करना है।

नरेंद्र मोदीः भगवान बहुत दयालु हैं। भगवान का आशीर्वाद है कि उन्होंने विपक्ष को सुझाया और वे अविश्वास प्रस्ताव ले कर आए। अविश्वास प्रस्ताव हमारे लिए शुभ होता है। ये घमंडिया गठबंधन है। इस की बारात में हर कोई दूल्हा बनना चाहता है। 2024 के चुनाव में हम पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ कर वापस आएंगे। विपक्ष नो बॉल कर रहा है और इधर से सेंचुरी लग रही है। बच्चा सुंदर होता है तो उसे काला टीका लगा देते हैं। आज जब देश में सब अच्छा हो रहा है तो विपक्ष काले कपड़े पहन कर सदन में आया। विपक्ष को एक गुप्त वरदान मिला हुआ है। वह जिस का बुरा चाहता है, उस का अच्छा हो जाता है। (प्रधानमंत्री ने क्या कहा, क्या नहीं, यह महत्वपूर्ण नहीं है। बड़ी बात यह है कि 132 मिनट के उन के भाषण में 98 बार तालियां बजीं, 22 बार ठहाके लगे, 29 बार उन्होंने मणिपुर शब्द का ज़िक्र किया और सदस्यों ने 13 बार भाषण के बीच टोकाटोकी की।)

# मणिपुर, ठहाके लगाने का विषय!

**हरिशंकर व्यास**

विपक्षी पार्टियों की ओर से लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव लाने का एक खास मकसद था। संसद का मानसून सत्र शुरू होने से एक दिन पहले मणिपुर की दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाने और उनके साथ यौन हिंसा किए जाने का एक वीभत्स वीडियो आया था। राज्य में जातीय दंगे तीन मई को शुरू हुए थे और वह घटना चार मई की थी लेकिन वीडियो 19 जुलाई को सामने आया था। यानी घटना के 76 दिन के बाद और उसके एक दिन बाद 20 जुलाई को सत्र शुरू हुआ तो संसद भवन परिसर में मीडिया से औपचारिक मुलाकात में प्रधानमंत्री ने पहली बार मणिपुर पर मुंह खोला था। उससे पहले 76 दिन तक वे खामोश रहे थे। खामोशी टूटी भी तो सिर्फ 36 सेकेंड के लिए। सत्र शुरू होने के बाद पूरा विपक्ष प्रधानमंत्री से बयान देने की मांग करता रहा लेकिन वे संसद में नहीं बोले। इसी वजह से अविश्वास प्रस्ताव लाया गया ताकि प्रधानमंत्री बोलें। इसलिए उनके बोलने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने कहा भी कि मणिपुर की घटना पर प्रधानमंत्री से बुलवाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव की संवैधानिक व्यवस्था का इस्तेमाल करना पड़ा।

सोचें, कैसी पृष्ठभूमि में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था? मणिपुर में 160 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, सैकड़ों लोग घायल हैं और 60 हजार से ज्यादा लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं, महिलाओं के साथ अत्याचार की वीभत्स घटनाएं हुई हैं लेकिन प्रधानमंत्री के लिए अविश्वास प्रस्ताव पर जवाब देना हंसी–ठहाकों का विषय था, विपक्ष का मजाक उड़ाने का विषय था और अपनी राजनीति साधने का विषय था! अपने दो घंटे 13 मिनट के भाषण में पहले 90 मिनट यानी डेढ़ घंटे तक वे मणिपुर पर कुछ बोले ही नहीं। जिस विषय को लेकर अविश्वास प्रस्ताव पेश किया गया था उसी पर नहीं बोले। जब विपक्षी पार्टियों ने इसका विरोध करते हुए वाकआउट किया तब वे दो–तीन मिनट के लिए इस पर बोले। वह भी इस अंदाज में कि वे 50 बार पूर्वोत्तर गए हैं और उनके मंत्री चार सौ बार गए हैं। उन्होंने मणिपुर की हिंसा का दोष भी कांग्रेस के ऊपर डाल दिया।




**मणिपुर का मसला दुख और चिंता का है। महिलाओं के प्रति सहानुभूति का है और उनको साहस दिलाने का है। लेकिन ऐसे मुद्दे पर भी लगभग पूरे समय या तो विपक्ष के ऊपर हमला होता रहा या हंसी–मजाक चलता रहा। प्रधानमंत्री मजाक सुनाते रहे और उनकी पार्टी के सांसद ठहाके लगाते रहे। मेज थपथपाते रहे। ऐसा लग रहा था, जैसे चुनावी रैली चल रही हो और जश्न का माहौल हो। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि इस बार वे दिमाग से नहीं, दिल से बोलेंगे तो प्रधानमंत्री ने इसका भी मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा कि आपके दिमाग का हाल तो देश पहले से जानता था अब दिल का हाल भी जान गया। इस पर भाजपा सांसदो ने जैसा ठहाका लगाया वह हैरान करने वाला था। किसी ने यह नहीं सोचा कि मणिपुर का मसला दिल दहलाने वाला ही है और राहुल गांधी वहां से होकर आए हैं। वे दिल के लिए वहां गए थे और राहत शिविरों में जाकर लोगों का हाल देखा था।**

मणिपुर का मसला दुख और चिंता का है। महिलाओं के प्रति सहानुभूति का है और उनको साहस दिलाने का है। लेकिन ऐसे मुद्दे पर भी लगभग पूरे समय या तो विपक्ष के ऊपर हमला होता रहा या हंसी–मजाक चलता रहा। प्रधानमंत्री मजाक सुनाते रहे और उनकी पार्टी के सांसद ठहाके लगाते रहे। मेज थपथपाते रहे। ऐसा लग रहा था, जैसे चुनावी रैली चल रही हो और जश्न का माहौल हो। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि इस बार वे दिमाग से नहीं, दिल से बोलेंगे तो प्रधानमंत्री ने इसका भी मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा कि आपके दिमाग का हाल तो देश पहले से जानता था अब दिल का हाल भी जान गया। इस पर भाजपा सांसदो ने जैसा ठहाका लगाया वह हैरान करने वाला था। किसी ने यह नहीं सोचा कि मणिपुर का मसला दिल दहलाने वाला ही है और राहुल गांधी वहां से होकर आए हैं। वे दिल के लिए वहां गए थे और राहत शिविरों में जाकर लोगों का हाल देखा था।

इसी तरह से प्रधानमंत्री ने लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव पर कांग्रेस ने सदन के अपने नेता को बोलने नहीं दिया। स्पीकर की ओर इशारा करते हुए मोदी ने कहा कि आपने उदारता दिखाते हुए समय नहीं होने के बावजूद उनको बोलने दिया लेकिन गुड़ का गोबर कैसे करते हैं इसमें वे माहिर हैं। उनकी इस बात पर भी उनकी पार्टी के सांसदों ने खूब ठहाके लगाए और मेज थपथपाई। ऐसा लग रहा था, जैसे किसी स्टैंड अप कॉमेडी शो में पंच लाइन बोली जा रही है और बैकग्राउंड से रिकॉर्डेड ठहाकों की आवाज आ रही है। सोचें, भाजपा के सबसे वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी आदि को भाजपा ने बोलने का मौका नहीं दिया लेकिन प्रधानमंत्री इस बात का मजाक उड़ा रहे थे कि कांग्रेस ने अधीर रंजन को नहीं बोलने दिया। मणिपुर से भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टी के दो सांसद हैं और उनको भी नहीं बोलने दिया गया। बहरहाल, प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष ने 2018 में अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था और फिर 2023 में पेश किया। वे 2028 में भी अविश्वास प्रस्ताव पेश करेंगे और तब तक देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला बना होगा। उनके इस आशावाद पर भाजपा और एनडीए के सांसद ऐसे किलकारी मार रहे थे, जैसे छोटे बच्चे को चांद मिल गया हो।

एक रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री ने अविश्वास प्रस्ताव पर किसी भी दूसरे प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए भाषण का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इससे पहले लाल बहादुर शास्त्री ने दो घंटे 12 मिनट का भाषण दिया था, जबकि मोदी का भाषण एक मिनट ज्यादा का रहा। इस रिकार्ड तोड़ भाषण में मणिपुर की चिंता और वहां के लोगों के प्रति हमदर्दी का भाव नहीं दिखा। बल्कि अपनी पार्टी के पूर्ण बहुमत से सरकार में होने का अहंकार झलक रहा था और विपक्ष के प्रति हिकारत का भाव दिख रहा था। पूरा भाषण विपक्ष को और उसके नेताओं को नीचा दिखाने और अपने को सर्वश्रेष्ठ साबित करने का था। मणिपुर में सरकार की नाकामी को स्वीकार करने, शांति बहाली का रास्ता दिखाने और वहां के लोगों को भरोसा दिलाने की बजाय पूरा भाषण अपनी सरकार की झूठी–सच्ची उपलब्धियों के बखान वाला रहा। लगातार नौ साल राज करने वाले प्रधानमंत्री से जिस तरह की जवाबदेही वाले भाषण की उम्मीद की जा रही थी उसकी बजाय पूरा भाषण पिछली सरकारों पर दोष मंढने़ वाला था।

# गले की खुजली से राहत पाने के लिए अपनाएं ये 5 घरेलू नुस्खे

किसी भी मौसम में गले में खुजली या खराश की समस्या हो सकती है।यह समस्या एलर्जी और संक्रमण के कारण हो जाती है, लेकिन अब आपको इसके बारे में अधिक चिंता करने की



जरूरत नहीं है। कुछ घरेलू नुस्खे अपनाकर आप इस समस्या से राहत पा सकते हैं।अगर आप समस्या के शुरुआती संकेतों में ही इन नुस्खों को आजमाने लगेंगे तो आप इससे जल्दी राहत पा सकेंगे।चलिए फिर आज इसी से जुड़े 5 असरदार नुस्खे जानते हैं।

**नमक वाले पानी के गरारे करें**

यह नुस्खा गले की खुजली से राहत पाने के लिए प्रभावी है।पानी और नमक का मिश्रण गले में खुजली पैदा करने वाले बैक्टीरिया को मार सकता है, दर्द को कम कर सकता है और बलगम को बाहर भी निकाल सकता है।लाभ के लिए सबसे पहले एक गिलास गुनगुने पानी में आधी चम्मच नमक मिलाएं। इसके बाद इस मिश्रण से गरारे करें।बेहतर परिणाम के लिए इस उपाय को रोजाना 2–3 बार दोहराएं।

**शहद का सेवन करें**

शहद मजबूत एंटी–बैक्टीरियल गुणों से भरपूर होता है, जो खुजली, जकडऩ, खराश और दर्द सहित गले की परेशानी को कम कर सकता है।यह गले को परेशान करने वाले वायरल संक्रमण से छुटकारा पाने में भी मदद कर सकता है।लाभ के लिए सुबह एक चम्मच शहद का सेवन करें या फिर नींबू और शहद की चाय बनाकर पीये।गला खराब होने पर इन चाय का सेवन भी किया जा सकता है।

**ह्यूमिडिफायर का करें इस्तेमाल**

अगर आप ऐसी हवा में सांस ले रहे हैं, जिसके कारण आपके गले में खुजली हो रही है तो ह्यूमिडिफायर का इस्तेमाल किया जा सकता है।यह आसपास की हवा में नमी जोड़ता है, जिसके कारण आपको सांस लेने में मदद मिलती है।इसके अलावा अगर आपको बलगम की भी समस्या है तो उस दौरान भी यह आपके काम आ सकता है।घर में ह्यूमिडिफायर के इस्तेमाल से ये अन्य फायदे भी मिलते हैं।

**सूप बनाकर पीये**

गले में खुजली होने की समस्या से राहत पाने के लिए आप गरमागरम सूप भी पी सकते हैं।इससे आपके गले को आराम मिलेगा और खुजली, खराश और दर्द जैसी परेशानियों से राहत भी मिलेगी।यह खुद को हाइड्रेट रखने और गले में जलन को कम करने का एक आसान और स्वादिष्ट तरीका है।हालांकि, इस बात का ध्यान रखें कि सूप बहुत गर्म या मसालेदार न हो।दाल का सूप बनाने के लिए इन रेसिपीज को ट्राई करें।

**हर्बल चाय**

हर्बल चाय शक्तिशाली एंटी–इंफ्लेमेटरी, एंटी–वायरल और एंटी–बैक्टीरियल गुणों से भरपूर होती है।इस कारण यह गले की खुजली से राहत दिलाने और गले को आराम पहुंचाने में मददगार है।इसके लिए आप कैमोमाइल चाय, लिकोरिस चाय, ग्रीन टी, दालचीनी की चाय, अदरक की चाय या थाइम चाय चुन सकते हैं। ये आपके गले में खुजली पैदा करने वाले बैक्टीरिया से लड़ सकते हैं।बेहतर परिणाम के लिए अपनी पसंदीदा हर्बल चाय को दिन में 2 बार पीये।

# जहीर खान की बदौलत हुआ था ईशांत का इंटरनेशनल डेब्यू



नई दिल्ली, टीम इंडिया के पूर्व तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा ने अपने करियर से जुड़ा एक मजेदार किस्सा शेयर किया है। ईशांत ने बताया कि अगर जहीर खान ने उनकी मदद नहीं की होती, तो उनका इंटरनेशनल डेब्यू उस दिन नहीं हो पाता। ईशांत ने खुलासा किया कि टीम इंडिया के लिए पहली बार सेलेक्ट होने पर उनके पिता बेहद भावुक हो गए थे।

**ईशांत ने सुनाया मजेदार किस्सा**

ईशांत शर्मा ने जियो सिनेमा पर बातचीत करते हुए बताया, "आयरलैंड के दौरे पर मुझे अकेले जाना था, जो अपने आप में एक बड़ी डील थी, क्योंकि पूरी टीम पहले से ही वहां पहुंच चुकी थी। मैं इंग्लैंड टूर का हिस्सा था, लेकिन वहां पर वनडे सीरीज खेली जा रही थी। ठंडे मौसम की वजह से काफी प्लेयर्स बीमार पड़ गए थे और यहां तक कि फिजियो भी बीमार थे।

इसके बाद ही मुझसे आयरलैंड जाने को कहा गया। पहली दिक्कत यह थी कि मुझे एयरपोर्ट जाना था, दूसरी समस्या इमीग्रेशन और तीसरी दिक्कत दिल्ली से इंग्लैंड और फिर वहां से मुझे आयरलैंड जाना था। मैंने कभी भी अकेले यात्रा नहीं की थी।"

पूर्व गेंदबाज ने आगे कहा, "मैं मैच को लेकर काफी ज्यादा नर्वस था। किसी तरह से मैं आयरलैंड पहुंच गया। हालांकि, वहां पहुंचने के बाद मुझे पता लगा कि मेरा किटबैग गायब था। मैंने ट्रेन में सामान चोरी होते सुना था, लेकिन यह नहीं पता था कि ऐसा फ्लाइट में भी होता है। उस रात में उन्हीं कपड़ों में सोया, जो मैंने यात्रा के दौरान पहन रखे थे।"

**जहीर ने की थी डेब्यू में मदद**

ईशांत शर्मा ने आगे बताया, "राहुल द्रविड़ ने मुझे बताया कि आप कल डेब्यू कर रहे हैं। मैंने उस पर कहा कि मैं नंगे पैर कैसे खेल सकता हूं। यहां तक कि मैंने प्रैक्टिस भी नहीं की थी।

मैंने जहीर खान से 11 नंबर के जूते का इंतजाम करने को कहा, ताकि मैं मैच खेल सकूं। उन्होंने मुझे जूते दिए, लेकिन वह मेरे पैर में चुभ रहे थे। हालांकि, इससे मुझे ज्यादा कोई फर्क नहीं पड़ा।"

# एशिया कप की नैया पार लगाने के लिए फिट हुए दो स्टार बल्लेबाज

नई दिल्ली, एशिया कप 2023 के लिए भारतीय टीम का एलान बेहद जल्द होने वाला है। हालांकि, मुख्य खिलाड़ियों की इंजरी ने सेलेक्टर्स और टीम मैनेजमेंट की नींद उड़ा रखी है। सेलेक्टर्स के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि मिडिल ऑर्डर में नंबर चार और पांच की पोजीशन पर कौन खेलेगा। इस बीच, हेड कोच राहुल द्रविड़ ने संकेत दिए हैं कि एनसीए में अपना रिहैब पूरा कर रहे श्रेयस अय्यर और केएल राहुल की एशिया कप में वापसी हो सकती है।

**राहुल द्रविड़ ने दिए संकेत**

वेस्टइंडीज के खिलाफ पांचवें टी–20 मुकाबले में मिली हार के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल द्रविड़ ने संकेत दिए कि केएल राहुल और श्रेयस अय्यर एशिया कप में वापसी कर सकते हैं।

उन्होंने कहा, "हमारे कुछ खिलाड़ी हैं, जो इंजरी से उबरने के बाद वापसी करेंगे। हमको उन्हें एशिया कप में खेलने का मौका देना होगा।" बता दें कि एशिया कप की तैयारियों के लिए 23 अगस्त से एनसीए में भारतीय खिलाड़ी एक कैंप में हिस्सा लेंगे।

पंत ने शेयर किया अय्यर–राहुल का वीडियो

दरअसल, ऋषभ पंत ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की। पंत द्वारा शेयर किए गए वीडियो में श्रेयस अय्यर और केएल राहुल बैटिंग प्रैक्टिस करते हुए नजर आ रहे हैं। अय्यर और राहुल पूरी तरह से फिट दिखाई दे रहे हैं और लय में बैटिंग करते नजर आ रहे हैं। पंत ने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, "लाइव क्रिकेट मैच को लंबे समय बाद देखने में मजा आ गया।"



लंबे समय से क्रिकेट से दूर अय्यर

श्रेयस अय्यर ने अपना आखिरी इंटरनेशनल मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गई बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी में खेला था। सीरीज के चौथे टेस्ट मैच में अय्यर पीठ की समस्या से जूझते नजर आए थे और बल्लेबाजी करने नहीं उतरे थे। लगातार बैक में परेशानी के चलते अय्यर को सर्जरी से गुजरना पड़ा था और इस वजह से वह आईपीएल 2023 में भी हिस्सा नहीं ले सके थे।

**वापसी को तैयार हैं केएल राहुल**

केएल राहुल ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह बैटिंग और विकेटकीपिंग की प्रैक्टिस करते हुए नजर आए थे। राहुल वीडियो में पूरी तरह से फिट दिखाई दे रहे थे। आईपीएल 2023 के दौरान भारतीय सलामी बल्लेबाज खुद को चोटिल करवा बैठा था, जिसके चलते वह वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में टीम का हिस्सा नहीं रहे थे।

# विराट कोहली—अनुष्का शर्मा इस शहर में बनवा रहे हैं अपना आशियाना



नई दिल्ली, भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा ने पिछले साल महाराष्ट्र के अलीबाग में 8 एकड़ की विशाल जमीन खरीदी है। खबरें हैं कि विराट कोहली और अनुष्का शर्मा अपना नया घर इसी जगह पर बनाएंगे।

खबरों के मुताबिक कोहली–अनुष्का के घर के निर्माण के लिए स्थानीय ईकाईयों से सभी अनुमति मिल चुकी हैं और रविवार से यहां कंस्ट्रक्शन का काम शुरू हो गया है। स्टार कपल को अलीबाग में इस जमीन का मुआयना करते हुए देखा गया।

विराट कोहली और अनुष्का शर्मा के नए घर की डिजाइन आर्किटेक्ट मजूमदार ब्रावो ने की है। उम्मीद की जा रही है कि यह घर अगले दो साल में पूरा बन जाएगा। जानकारी मिली है कि विराट कोहली और अनुष्का शर्मा ने अलीबाग में यह जमीन 19.24 करोड़ रुपये में खरीदी। विराट के भाई विकास कोहली ने अलीबाग के जिराद गांव में इस डील को पक्का किया था।

विराट और अनुष्का ने रियल एस्टेट डेवलपर समीरा हेबीटेट्स से इस जमीन को खरीदा था। वहीं अगर काम की बात करें तो विराट कोहली इस समय ब्रेक पर हैं और अब एशिया कप की तैयारियों में जुटेंगे। वहीं अनुष शर्मा आखिरी बार कला में नजर आईं थी जबकि इस समय चकड़ा एक्सप्रेस की तैयारियों में जुटी हुई हैं।

# साउथ अफ्रीका ने किया ऑस्ट्रेलिया अवर से भिड़ने के लिए टीम का एलान

नई दिल्ली, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली टी–20 इंटरनेशनल और वनडे सीरीज के लिए साउथ अफ्रीका ने अपनी टीम का एलान कर दिया है। आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए धमाकेदार प्रदर्शन कर चुके युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस को पहली बार नेशनल टीम का बुलावा आया है। इसके साथ ही दो डोनोवन फेरेरा, गेराल्ड कोएत्जी और मैथ्यू ब्रीत्जके को भी पहली बार टीम में शामिल किया गया है।

चार युवा खिलाड़ी की टीम में एंट्री

साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली टी–20 और वनडे सीरीज के लिए टीम में चार युवा प्लेयर्स को मौका दिया है। डेवाल्ड ब्रेविस और गेराल्ड कोएत्जी को टी–20 और वनडे दोनों ही टीम में शामिल किया गया है। वहीं, डोनोवन फेरेरा और मैथ्यू ब्रीत्जके को पहली बार टी–20 इंटरनेशनल टीम का बुलावा आया है। ब्रेविस का प्रदर्शन घरेलू क्रिकेट में लगातार शानदार रहा है, जिसके चलते वह नेशनल टीम में अपनी जगह बनाने में सफल रहे हैं।

सीनियर प्लेयर्स को आराम




साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली टी–20 सीरीज के लिए सीनियर प्लेयर्स को आराम दिया है। क्विंटन डिकॉक, हेनरिक क्लासेन, डेविड मिलर, कगिसो रबाडा, एनरिक नॉर्किया जैसे प्लेयर्स को टी–20 सीरीज के लिए रेस्ट दिया गया है। हालांकि, यह सभी खिलाड़ी पांच मैचों की वनडे सीरीज में अपना दमखम दिखाते हुए नजर आएंगे। चोट के चलते केशव महाराज पहले टी–20 के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। हालांकि, उनके दूसरा और तीसरे टी–20 मैच तक फिट होने की पूरी उम्मीद है।

ऐसा होगा शेड्यूल

साउथ अफ्रीका को अपने घर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टी–20 इंटनरेशनल मैचों की सीरीज खेलनी है। सीरीज का पहला मुकाबला 30 अगस्त को खेला जाएगा। वहीं, दूसरा मैच 1 सितंबर और आखिरी मुकाबला 3 सितंबर को होगा। वनडे सीरीज का आगाज 7 सितंबर से होगा और लास्ट मैच 17 सितंबर के खेला जाएगा।

## फिल्मी दुनियां

# दिव्या खोसला कुमार की यारियां 2 का टीजर जारी, 20 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म



साल 2014 में आई हिमांश कोहली और रकुल प्रीत सिंह की फिल्म यारियां ने दर्शकों का दिल बखूबी जीता था। दिव्या खोसला कुमार के डायरेक्शन में बनी यारियां ने ऑडियंस से लेकर क्रिटिक्स तक सभी को इम्प्रेस किया। ऐसे में दिव्या अब यारियां 2 लेकर आ रही हैं, खास बात ये है कि इस बार वह डायरेक्टर नहीं बल्कि लीड रोल में नजर आएंगी। जिसका अंदाजा आप गुरुवार को रिलीज हुए यारियां 2 के टीजर को देख कर आसानी से लगा सकते हैं।

मेकर्स की ओर से यारियां 2 का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर किया गया। जिसमें दिव्या खोसला कुमार फिल्म के लीड एक्टर मीजान जाफरी और पर्ल वी पुरी के साथ नजर आईं। अब गुरुवार को टी सीरीज ने यारियां 2 का टीजर रिलीज कर दिया है, जिसमें ये दिखाया गया है कि एक लडकी के इर्द गिर्द दो लडकों की कहानी घूमती रहती है। इस टीजर से ये अनुमान आसानी से लगाया गया कि इस बार यारियां की कहानी लव ट्राइंगल पर भी आधारित हो सकती है। वरीना हुसैन, अनस्वरा रंजन, प्रिया वारियर और यश दास गुप्ता जैसे कलाकारों की झलक आपको इस टीजर में देखने को मिलेगी। यारियां 2 के टीजर ने फैंस की एक्साइटमेंट को भी काफी हद तक बढ़ा दिया है। डायरेक्टर विनय सप्रू और राधिका राव के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म का हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा है।पहले पार्ट की अपार सफलता के बाद यारियां का सीक्वल आ रहा है। 9 साल के लंबे इंतजार के बाद एक बार फिर से दर्शकों को नई तरीके की यारियां देखने को मिलेगी। गौर करें यारियां 2 की रिलीज डेट की तरफ तो ये मूवी 20 अक्टूबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।मालूम हो कि 2014 में आई यारियां ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 40 करोड़ का कारोबार किया था,

### प्रभास की फिल्म आदिपुरुष ने नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर दी दस्तक

रामायण पर आधारित फिल्म आदिपुरुष 16 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।फिल्म रिलीज होते ही इसके चरित्रों और संवादों पर बवाल खड़ा हो गया, जिसके चलते आदिपुरुष बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।अब आदिपुरुष एक नहीं, बल्कि 2 ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक दे चुकी है। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो और नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।आदिपुरुष में प्रभास ने राम, कृति सैनन ने जानकी और सैफ अली खान ने रावण का किरदार निभाया है।

वैसे तो आम तौर पर किसी भी फिल्म को सिर्फ एक ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया जाता है, लेकिन आदिपुरुष के निर्माताओं ने फिल्म को नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर एक साथ रिलीज किया है।

# बिग बॉस ओटीटी 2 से चमक उठी मनीषा रानी की किस्मत, अब बॉलीवुड में मचाएंगी धमाल!

सलमान खान के शो बिग बॉस ओटीटी 2 में कदम रखने वाली मनीषा रानी देशभर के लोगों के दिलों में राज करने लगी हैं. मनीषा के स्टाइलिश लुक्स, बोलने का तरीका और कॉमिक अंदाज हर किसी का मन मोह लेता है. उन्होंने शो के अंदर रहते हुए काफी कम वक्त में एक बड़ा नाम हासिल कर लिया है. मनीषा को पसंद करने वालों में सिर्फ आम लोग ही नहीं, बल्कि कई हस्तियों के नाम भी शुमार हो चुके हैं. कभी टिक–टॉक वीडियोज बनाने वाली मनीषा रानी ने खुद भी नहीं सोचा होगा कि उन्हें कभी इतनी सफलता मिल पाएगी. खबरों की माने तो मनीषा को आज कई फिल्मों के लिए भी ऑफर्स दिए जा रहे हैं. कहा जा रहा है कि मनीषा को हाल ही में 5 फिल्मों के ऑफर्स मिल हैं.



हालांकि, फिलहाल इन फिल्मों को लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता, लेकिन इतना जरूर कह सकते हैं कि शो से बाहर आते ही मनीषा की झोली में कई प्रोजेक्ट्स होंगे. खबरों की माने तो मनीषा एक एनजीओ के लिए भी योगदान करती हैं.

मनीषा रानी अक्सर कहती हैं कि उन्हें बचपन से ही डांस और एक्टिंग करने का बहुत शौक है. इसी क्षेत्र में वह अपना करियर भी बनाना चाहती थीं. कहते हैं कि जब टिक–टॉक बंद हो गया तो मनीषा बिल्कुल टूट गई थीं. उन्हें ऐसा लगा कि उनके हाथ से एक प्लेटफॉर्म छिन गया

# ब्रांड के कपड़े पहन अनुष्का सेन ने शेयर किया हॉट फोटोशूट, न्यूयॉर्क से इंटरनेट का पारा किया हाई




एक्ट्रेस अनुष्का सेन हमेशा अपनी बोल्ड और ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। वो आए दिन अपने सिजलिंग लुक्स के कारण लोगों के बीच सुर्खियां बटौरती रहती हैं। हाल ही में अनुष्का सेन ने अपने लेटेस्ट न्यूयॉर्क वेकेशन की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टाइलिश अंदाज देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं। साथ ही लोग उनके इस लुक की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। टीवी की जानी–मानी अभिनेत्री अनुष्का सेन आए दिन अपनी हर एक अदाओं से फैंस को लट्टू कर देती हैं। उनका हर एक लुक इंस्टाग्राम पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हालिया फोटोशूट के दौरान एक्ट्रेस ने लूइस विंटन ब्रांड के कपड़े पहने हुए हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस इन दिनों न्यूयॉर्क में अपनी छुट्टियां मना रही हैं। वहीं से उन्होंने अपनी लेटेस्ट फोटोज शेयर करी हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं अनुष्का सेन ने डेनिम ब्लू कलर का क्रॉप टॉप और साथ ही व्हाइट कलर की स्कर्ट पहनी हुई है। ओपन हेयर, गॉगल्स और मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने इस आउटलुक को कंप्लीट किया है।

# दुलकर सलमान ने जन्मदिन पर किया वेंकी एटलुरी के साथ नई फिल्म लकी भास्कर का ऐलान

दुलकर सलमान दक्षिण भारतीय सिनेमा के मशहूर सितारे हैं। अभिनेता कई बेहतरीन फिल्मों का हिस्सा रहे हैं और सीता रामम के बाद से उनकी लोकप्रियता दुनियाभर में काफी बढ़ गई है। अभिनेता ने पोस्टर जारी करते हुए अपनी नई फिल्म लकी भास्कर का ऐलान कर दिया है, जिसका निर्देशन वेंकी एटलुरी करेंगे। अभिनेता के फिल्म की घोषणा करने बाद से ही प्रशंसक काफी उत्सुक हो गए हैं।

दुलकर की इस फिल्म को लेकर कोई जानकारी नहीं थी और ऐसे में अभिनेता ने फिल्म की घोषणा होना प्रशंसकों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है।कहा जा रहा है कि फिल्म से जुड़ी बाकी जानकारी जल्द ही निर्माताओं की ओर से जारी की जाएगी। निर्देशक ने हाल ही में धनुष के साथ बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट फिल्म वाथी दी थी और अब उन्हें इस फिल्म से



भी वही सफलता दोहराने की उम्मीद है।

दुलकर ने लकी भास्कर का पोस्टर ट्विटर पर साझा किया है। इसमें अभिनेता का चेहरा 100 रुपये के नोट से ढका हुआ है और उनकी मुस्कुराहट ही नजर आ रही है। इस पोस्टर को प्रशंसक पसंद कर रहे हैं और कमेंट पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।कोई फिल्म को लेकर उत्साह जाहिर कर रहा है तो किसी को उम्मीद है कि अभिनेता बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाएंगे।प्रशंसक इसे अभिनेता के जन्मदिन का सबसे अच्छा तोहफा बता रहे हैं।

सूर्यदेवरा नागा वामसी और साई सौजन्या अपने संबंधित बैनर सीथारा एंटरटेनमेंट्स और फॉर्च्यून फोर सिनेमाज के तले लकी भास्कर का निर्माण करेंगे। अभी फिल्म की कहानी के बारे में ज्यादा कुछ खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन कहा जा रहा है कि निर्देशक एक अनोखे विषय पर फिल्म बना रहे हैं। जीवी प्रकाश कुमार फिल्म को संगीत देंगे तो नवीन नूली ने एडिटिंग की जिम्मेदारी संभाली है, वहीं श्रीकारा स्टूडियो फिल्म को प्रस्तुत कर रहा है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469 / 79
फोन / फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com